卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 345 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦27 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नशेड़ी ने पत्नी की हत्या के बाद सुसाईड का किया प्रयास



बागेश्वर (उद संवाददाता)। कपकोट थाना क्षेत्र के गैरखेत गांव में नेपाली मजदूर ने पत्नी की हत्या के बाद अपना गला काटने का भी प्रसास किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। घटना की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मूल रूप से नेपाल जिला मोहू निवासी 35 वर्षीय सगुने कामी पुत्र अमरेक कामी मजूदरी का काम करता है। वह अपनी पत्नी शारदा और तीन बच्चों के साथ गैरखेत में किराये पर रह रहा था। बताया जाता है कि बृहस्पतिवार शाम वह शराब के नशे में घर पहुंचा और रात करीब एक बजे पत्नी से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। इसी बीच उसने नशे में पत्नी पर धारदार हथियार से वार कर दिया। हमले में उसकी मौत हो गई। पत्नी को मरा देख उसने अपना भी गला काटने का असफल प्रयास किया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर एसओ कैलाश बिष्ट पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल

हरिद्वार (उद संवाददाता)।पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हरिद्वार सिडकुल थाना क्षेत्र में झगड़े के बाद फैक्ट्री के अंदर घुसकर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपियों की शुक्रवार सुबह पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के पैरों में गोली लग गयी।



पुलिस ने दोनों आरोपियों को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अधिकारियों के साथ जिला अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। आरोपियों की पहचान आयुष तोमर और (शेष पृष्ठ सात पर)

## मंदिर के पास अज्ञात शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं किच्छा मार्ग पर स्थित दूधिया मंदिर के पास एक अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने ने पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वहां मौजूद लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की। जिसके बाद पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर शव गृह भिजवा दिया और मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास शुरू कर दिये। जानकारी के अनुसार गत सायं करीब चार बजे किच्छा मार्ग पर राह गुजरते लोगों ने दूधिया मंदिर के पास एक अधेड़ को बेसुध अवस्था में पड़ा देखा। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी मिलने पर रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारम्भिक जांच में पाया गया कि अधेड़ की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने वहां खड़े लोगों से अधेड़ के बारे में जानकारी हासिल की लेकिन कोई भी स्पष्ट नहीं बता पाया। उनका कहना था कि अधेड़ क्षेत्र में कूड़ा बीनता दिखाई देता था। पुलिस ने अधेड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

## बस की टक्कर से युवक की मौत,साथी गंभीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। गत रात्रि में रामपुर रोड पर सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के पास रोडवेज बस और मोटर साइकिल के मध्य हुई भिड़ंत में मोटर साइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भर्ती कराया गया है।सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार गत रात्रि रामपुर रोड़ में सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया है। रूद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रही यूपी रोडवेज की बस की सामने आती मोटर साइकिल से आमने- सामने भीषण भिडंत हो गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें आसपास के लोगों ने सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पीली कोठी निवासी 40 वर्षीय मनोज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल 37 वर्षीय (शेष पृष्ठ सात पर)



## दो पक्षों के विवाद में फायरिंग से हड़कम्प

काशीपुर(उद संवाददाता) । दो पक्षों के बीच हुए आपसी विवाद के दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायर झोंक दिया। हालांकि गोलीकांड की इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन क्षेत्र में लोगों के बीच दहशत का माहौल है। मानपुर निवासी राजा पुत्र कन्हैया लाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दिनांक 26.09.24 को 9.00-9.30 बजे के आस पास कुम्हार वाली गली, बिजली हाइडिल के पास, मानपुर में मौहल्ले के 30-40 लोग एक पुराने विवाद के मद्देनजर आपस में इकट्ठा होकर विवाद को (शेष पृष्ठ सात पर)



बड़े दु:ख के साथ सूचित करना है कि मेरे पूज्यनीय पति श्री राजेन्द्र कालड़ा जी का स्वर्गवास दिनांक 18 सितम्बर को हो गया है
उनकी आत्मिक शांति के लिए
रस्म पगड़ी दिनांक 30 सितम्बर दिन सोमवार समय दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक किच्छा-आजाद नगर रोड स्थित सुन्दर बाग पैलेस में सम्पन्न होगी
शोकाकुल परिवार
योगेश-विजय अरोरा(बहन-बहनोई)
मोनिका-पंकज ग्रोवर(पुत्री-दामाद)
कनिका-भारत भूषण चुघ'सोनू'(पुत्री-दामाद)
प्रीति-गौरव तागरा(पुत्री-दामाद)
शिखा-प्रिंस भाटिया(भतीजी-दामाद)
नेहा-विशाल गुम्बर(भतीजी-दामाद)
स्वाति-अजय अनेजा(भतीजी-दामाद)
श्रीमति कंचन कालड़ा(पत्नी)
अमित कालड़ा'विक्की'-सोनिया (पुत्र-पुत्रवधु)
हिमांशु कालड़ा-रीमा (भतीजा-पुत्रवधु)
राहुल कालड़ा(भतीजा)
माही कालड़ा(पौत्री)
अभिनव कालड़ा,रेयांश कालड़ा(पौत्र)
एवं समस्त कालड़ा व चुघ परिवार

## जुए में उद्योगपति का पुत्र ही नही कई युवा गंवा चुके करोड़ों रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के उद्योगपति के पुत्र द्वारा जुए में करोड़ों रूपये हारने के साथ ही अन्य कई लोगों के इस गैरकानूनी धंधे में जुड़े होने की चर्चा है। बताया जाता है कि सट्टे के इस कारोबार में शहर के कई युवा गहराई तक घुसे हुये है और पैसा कमाने की आस में कई करोड़ों रूपये डूबा चुके है। काशीपुर रोड स्थित प्रतिष्ठान के स्वामी के पुत्र द्वारा सट्टे में 14 करोड़ रूपये से अधिक हारने की चर्चा शहर में जोरो से है। बल है कि इस गैर कानूनी धंधे में कई अन्य युवा भी करोड़ों रूपये गंवा चुके है। पिछले कई सालों से सट्टे के कारोबार में अपनी किस्मत अजमाने वालों की संख्या में काफी तेजी से इजाफा हुआ है। बिना मेहनत के जल्दी पैसा कमाने के चलते कई घरानों के लोग करोड़ो रूपया इसमें डूबा चुके है। बताया जाता है कि उक्त उद्योगपति का पुत्र पिछले कई समय से इस गैर कानूनी धंधे में लिप्त है। चर्चा है कि युवक द्वारा शहर के कई युवकों से सट्टे का पैसा भी लेना है। ऑनलाईन सट्टे का कारोबार क्षेत्र के कई युवकों को अपने जाल में फंसा चुका है। हांलांकि आईपीएल के दौरान पुलिस प्रशासन सट्टे के कारोबार पर पैनी नजर रखता है। लेकिन अब यह रोजमर्रा का धंधा बन चुका है। जिसके चलते पुलिस रोज होने वाले इस ऑनलाईन सट्टे पर अपनी नजर नहीं रख पाती है। बताया जाता है कि ऑन लाईन सट्टे के लिये क्षेत्र में एक चेन बनी हुई है पुलिस को इस चेन की कड़ी तलाशनी जरूरी है। क्योकि इस गैरकानूनी धंधे में कई लोग बर्बाद हो चुके है। कम पैसों से शुरू कर लोग इसमें अपनी जीवनभर की मेहनत की कमाई को दांव पर लगा देते है।

**क्षेत्र में गहराई तक पहुंच चुकी है ऑनलाईन सट्टे की जड़ें**

## अश्लील वीडियो बनाकर मांग रहे पांच लाख रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक दम्पत्ति द्वारा साजिश रचकर परिचित युवक को अपने घर बुलवाकर उसके किसी युवती से शारीरिक सम्बंध स्थापित करवा दियें और फिर उसकी वीडियो बनाकर अज्ञात व्यक्ति से फोन करवाकर उससे पांच लाख रूपये मांगकर ब्लैक मेल करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में महेन्द्र पुत्र राम बिलास निवासी माहॅल कालोनी ने कहा है कि 15 दिन पहले उसके मिलने वाला व्यक्ति सूरज उर्फ राहुल व उसकी पत्नी ने बहाने कालीनगर अपने घर बुलाया। जहाँ उक्त लोगो ने एक अज्ञात लड़की से मिलवाया और कहा यह तुमसे दोस्ती करना चाहती है। जिसके बाद सूरज उर्फ राहुल व उसकी पत्नी ने उसे लड़की के साथ एक कमरे में अकेला छोड़ दिया। जहाँ उस लड़की ने अपनी रजामन्दी से उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये जबकि सूरज व उसकी व पत्नी ने पहले से ही कमरे में फोन का केमरा ऑन करके रखा था। जिस वजह से उसकी उक्त लड़की के साथ विडियो बन गई। महेन्द्र का आरोप है अब सूरज (शेष पृष्ठ सात पर)

## पड़ोसी ने छत पर युवती से दुष्कर्म का किया प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर की छत पर कपड़े डाल रही युवती को पड़ोस में रहने वाले युवक ने पकड़कर उससे छेड़छाड़ कर दी। युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में युवती के भाई ने कहा है कि 26 सितम्बर को दिन में उसकी बहन छत पर कपड़े डालने के लिये गयी थी। तभी मौहल्ले में किराये पर रहने वाला युवक जहीर पुत्र रहीश अहमद छत पर कूदकर आ गया और गलत इरादे की नीयत से उसे पकड़ लिया तथा छेड़छाड़ करने लगा। जब बहन (शेष पृष्ठ 7 पर)

# डीजीपी से मिलने को लेकर कांग्रेस नेता पनेरू ने पुलिस को छकाया

हल्द्वानी। एक तरफ कोतवाली में डीजीपी अभिनव कुमार जनता से रूबरू हो रहे थे, वहीं दूसरी तरफ बुद्ध पार्क में कांग्रेस नेता हरीश पनेरू को डीजीपी से न मिलने के लिए रोका गया था। करीब तीन बजे पनेरू पुलिस को चकमा देकर सर्किट हाउस के लिए निकल गए। पुलिस ने पीछा कर काठगोदाम में पनेरू की गाड़ी रोकी लेकिन गाड़ी में वह नहीं मिले। वह फिर चकमा देकर सर्किट हाउस पहुंचने में सफल तो हो गए लेकिन वहां पहुंचते ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। बता दें कि 20 सितंबर को ओखलकांडा ब्लाक के खनस्यू में एक दारोगा और पुलिस कर्मियों ने मनमोहन सिंह नामक युवक को थाने में बुलाकर पीटा था। इस मामले में दो पुलिस वालों को हटाया गया। लेकिन कांग्रेस नेता हरीश पनेरू दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहे हैं। इसी सिलसिले में वह बृहस्पतिवार को डीजीपी से मिलना चाहते थे। परंतु उन्हें जनसंवाद में नहीं आने दिया गया। एसपी



क्राइम हरबंश सिंह ने पनेरू को बुद्ध पार्क के पास रोककर उन्हें दो बजे डीजीपी से मिलवाने का आश्वासन दिया। जनसंवाद के बाद करीब तीन बजे डीजीपी बुद्ध पार्क के सामने से ही सर्किट हाउस निकल गए, पुलिस ने उन्हें डीजीपी से नहीं मिलाया। इस पर पनेरू भड़क गए और सर्किट हाउस जाने को निकलने लगे। पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा। इसे लेकर पनेरू और उनके समर्थकों की पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। कुछ देर बहस करने के बाद पनेरू वापस बुद्ध पार्क लौट गए। इससे पुलिस ने राहत की सांस ली ही थी कि पनेरू के बुद्ध पार्क से भागने की सूचना मिली। यह सुन पुलिस अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। सभी लोग पैदल ही पार्क के पीछे पनेरू की तलाश करने लगे। उनके वहां न मिलने पर फोर्स गाड़ियों से सर्किट हाउस की तरफ रवाना हो गई। वहीं सूचना मिलने पर काठगोदाम पुलिस ने गौलापुल से पहले ही पनेरू की गाड़ी रोक ली लेकिन कांग्रेसी नेता उसमें नहीं मिले। ये पुलिस के लिए दूसरा चकमा था। कुछ समय बाद सूचना मिली कि पनेरू किसी तरह सीधे सर्किट हाउस पहुंच गए हैं। हालांकि वहां भी पुलिस ने उन्हें डीजीपी तक नहीं पहुंचने दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया।

# देहरादून रेलवे स्टेशन पर दो पक्षों में पथराव, ट्रेनों और वाहनों में तोड़फोड़

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून रेलवे स्टेशन पर गुरुवार देर रात को बवाल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर देर रात्रि एसएसपी अभय सिंह ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर घटना की जानकारी ली। बता जा रहा है कि किसी बात को लेकर स्टेशन पर दो पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। मामला इतना बढ़ गया कि पथराव शुरू हो गया। स्टेशन पर खड़ी ट्रेनों और अन्य सामान में तोड़फोड़ भी की गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मामला ज्यादा




बढ़ने पर पुलिस ने लाठियां फटकारकर भीड़ को हटाया। स्टेशन पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। मौके पर हिंदू संगठनों व दूसरे समुदाय के लोगों में खूब तनातनी चलती रही। पुलिस बल दोनों पक्षों में बीच-बचाव कराने में लगा हुआ था। सूत्रों के अनुसार, मामला बदायूं निवासी अलग-अलग समुदाय के युवक व युवती के प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। बृहस्पतिवार रात रेलवे स्टेशन पर दोनों की मौजूदगी की खबर पर दोनों समुदाय के लोग वहां पहुंचे थे। इसी दौरान उनमें तनाव हो गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

# प्रदेश में होगा मलिन बस्तियों की आबादी का सर्वे

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की मलिन बस्तियों की आबादी, सुविधाओं, स्वास्थ्य की ताजा जानकारी 13 साल बाद मिलेगी। राज्य में 2011 में मलिन बस्तियों का सर्वे हुआ था। अब शहरी विकास विभाग ने दोबारा सर्वे शुरू किया है। ताजा रिपोर्ट के आधार पर जहां मूलभूत सुविधाएं देना आसान होगा, वहीं बस्तियों के विस्थापन का काम भी बेहतर हो सकेगा। प्रदेश में जुलाई 2010 से मई 2011 के बीच हुए सर्वे में 582 मलिन बस्तियां चिह्नित की गई थीं। इनमें से 3.4 प्रतिशत बस्तियां खतरनाक क्षेत्रों में, 43 प्रतिशत बाढ़ क्षेत्र में और 42 प्रतिशत गैर अधिसूचित क्षेत्रों में स्थापित थीं। 55 प्रतिशत लोगों के पास अपना आवास था। 29 प्रतिशत के बाद आधा पक्का आवास और 16 प्रतिशत के पास कच्चा आवास था। 86 प्रतिशत के पास बिजली कनेक्शन था। 582 में से 71 बस्तियां सीवेज नेटवर्क से जुड़ी थीं। 95 कम्युनिटी हॉल थे, 651 की जरूरत थी। 15 प्रोडक्शन सेंटर थे जबकि 536 की जरूरत थी। 252 आंगनबाड़ी व प्री स्कूल उपलब्ध थे, जबकि 689 की और जरूरत थी। प्राइमरी स्कूलों के 244 कक्ष थे, जबकि 590 की और जरूरत थी। 93 हेल्थ सेंटर थे और 453 अतिरिक्त की जरूरत थी। अब ताजा सर्वे से ये स्पष्ट होगा कि प्रदेश में मलिन बस्तियों की संख्या में कितनी बढ़ोतरी हुई है। उनका क्षेत्रफल अब कितना बढ़ा है। आबादी, मूलभूत सुविधाओं की क्या स्थिति है। विस्थापन नीति के तहत कितनी बस्तियों का विस्थापन हुआ है। इस रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार इन बस्तियों के लिए आगे की ठोस कार्ययोजना बनाएगी। पुराने सर्वे में ये भी सामने आया था कि 41 प्रतिशत घरों की कमाई 3000 रुपये मासिक, 19 प्रतिशत की कमाई 2000 से 3000 मासिक, 20 प्रतिशत की कमाई 1000 से 1500, 12 प्रतिशत की कमाई 1500 से 2000 मासिक, छह प्रतिशत की कमाई 500 से 1000 मासिक और तीन प्रतिशत की कमाई 500 रुपये मासिक से भी कम थी। ताजा सर्वे रिपोर्ट से इन बस्तियों में रोजगार, स्वरोजगार की दिशा में भी काम हो सकेगा। सचिव शहरी विकास नितेश झा के अनुसार मलिन बस्तियों का आखिरी सर्वे 2011 में हुआ था। अब हम नए सिरे से सर्वे करा रहे हैं, जिससे इनकी संख्या, क्षेत्रफल, आबादी, सुविधाओं की जानकारी मिल सकेगी। विस्थापन में भी यह सर्वे कारगर होगा। **मैदानी जिलों में सर्वाधिक मलिन बस्तियां:** देहरादून 162 ऊधमसिंह नगर 121 हरिद्वार 22 उत्तरकाशी 20 चमोली 21 टिहरी 13 पौड़ी 21 पिथौरागढ़ 21 बागेश्वर 07अल्मोड़ा 09 चंपावत 10 नैनीताल 55।

# कर्मचारियों के दो गुट भिड़े, फायरिंग में पांच घायल

हरिद्वार। सिडकुल थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात कर्मचारियों के दो गुटों में झगड़ा हो गया, जिसमें दो युवकों ने फायरिंग कर दी। जान बचाने के लिए कर्मचारी भागकर एकम्स कंपनी में घुस गए। दोनों ने अंदर पहुंचकर भी फायरिंग की, जिसमें गोलियों के छर्रे लगने से फैक्टरी के सुपरवाइजर सहित पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया।



एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना बृहस्पतिवार देर रात की है। जब शिवालिकनगर क्षेत्र में धनुष, मोहित निवासीगण त्रिमूर्ति नगर ज्वालापुर, राहुल निवासी नवोदय नगर, विकास निवासी सलेमपुर, अमरीश निवासी महादेवपुरम और कपिल विश्नोई और आयुष तोमर निवासी बागपत यूपी एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। तभी मामूली बात पर कहासुनी हुई और देखते ही देखते झगड़ा बढ़ गया। उस वक्त आयुष तोमर और कपिल विश्नोई वापस सिडकुल क्षेत्र में आ गए। अन्य युवकों के यहां पहुंचते ही तमंचे से फायरिंग कर दी। धनुष, मोहित, राहुल, विकास, अमरीष जान बचाने के लिए एकम्स कंपनी के अंदर घुस गए। बताया गया कि दोनों पीछा करते हुए कंपनी के अंदर ही जा पहुंचे और यहां भी फायरिंग की, जिससे कंपनी के सुपरवाइजर निशांत, विनोद बिष्ट, गार्ड अभिषेक, हेल्पर शुभम, ड्राइवर कुलदीप और रोहित को छर्रे लग गए और वह घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत सिडकुल थाना प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को मेट्रो अस्पताल और सिटी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं।

# अस्पताल में अनियमितताएं मिलने पर चढ़ा सीएमओ का पारा

रामनगर(उद संवाददाता)। सीएमओ डॉ. हरीश पंत ने रामनगर स्थित सरकारी अस्पताल में छापामार कार्रवाई करते हुए अस्पताल में भारी अनियमितताएं मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल में भर्ती मरीजों की शिकायत के बाद सीएमओ का पारा चढ़ गया और उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के साथ ही व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बता दें रामनगर के सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सरकार ने कुछ वर्ष पूर्व इस अस्पताल को पीपीपी मोड पर दिया था लेकिन जब से यह अस्पताल पीपीपी मोड पर गया है तब से ही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लगातार चर्चाओं में है। शुक्रवार को सीएमओ डॉ. पंत ने अस्पताल में छापा मारकर बदहाल व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की जो बेसिक जांच होनी है वह भी बाहर से कराई जा रही है तथा



दवाइयां भी बाहर से मंगाई जा रही है जो कि गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रतिमाह पीपीपी मोड संचालकों को करीब 2 करोड़ रुपए देती है लेकिन उसके बावजूद भी मरीज को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ न मिलने के कारण वह प्राइवेट अस्पतालों की शरण ले रहे हैं। गरीब मरीज प्राइवेट अस्पतालों में ध नाभाव की कमी में दम भी तोड़ रहे है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पीपीपी मोड संचालक डॉ. प्रतीक को स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त करने के साथ ही मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पीपीपी मोड के तहत इस अस्पताल का कार्यकाल 7 अक्टूबर तक है यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो इस अस्पताल को सरकारी तंत्र में लेने के लिए सरकार व विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले। उन्होंने यह भी बताया कि अस्पताल में बनी मोर्चरी एवं पोस्टमार्टम हाउस की स्थिति सुधारने को लेकर 18 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। शीघ्र ही मोर्चरी व पोस्टमार्टम हाउस की हालत भी सुधारी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज जो अनियमितताएं मिली है उसको लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# डीजीपी ने कैंची धाम में लिया बाबा नीब करौली महाराज का आशीर्वाद

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कुमाऊँ भ्रमण के दौरान उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में मंदिर के प्रबंधक श्री प्रदीप साह व मैंबर ट्रस्ट कैंची धाम श्री श्लेष साह सहित अन्य सदस्यों से मुलाकात की। कुमाऊँ भ्रमण के दौरान आज उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार



ने नैनीताल में मुख्य न्यायाधीश सुश्री रितु बाहरी जी से शिष्टाचार भेंट की। देर शाम नैनीताल से अल्मोड़ा के लिए प्रस्थान करते समय रास्ते में श्री अभिनव कुमार ने विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में जाकर शीश नवाया। श्री अभिनव कुमार ने बाबा नीम करौली महाराज से प्रदेश की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने उत्तराखंड की जनता की सुख-समृद्धि और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए बाबा से आशीर्वाद मांगा।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगे 11 लाख

गदरपुर(उद संवाददाता)विदेश भेजने के नाम पर 11 लाख रुपए ठगने का एक मामला प्रकाश में आया है जिसमें पीड़ित युवक मनराज सिंह ने कोर्ट का सहारा लेते हुए आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। आरोपी ने ना तो पीड़ित को विदेश भेजा ना हीं उसके पैसे लौटाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनराज सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी गणेशपुर थाना केलाखेड़ा के एक युवक ने शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मुलाकात बलवंत कांबोज पुत्र भगवान दास निवासी राजपुरा नंबर दो गदरपुर से हुई थी जिसमें बलवंत कंबोज ने बताया कि उसकी विदेश मंत्रालय व भारतीय एंबेसी में अच्छी जान पहचान है और कई लोगों को वह विदेश में भेज कर विदेश का वीजा दिलवाकर विदेश में सेटल कर चुका है मनराज सिंह को भी बलवंत कंबोज ने कहा कि वह प्रार्थी को यूरोप में भेज कर सेटल कर देगा और अच्छी नौकरी दिलवा देगा मनराज सिंह का कहना है की उसे अपने जाल में फंसा लिया तथा मनराज ने बलवंत कंबोज की बातों में आकर यूरोप का वीजा दिलाने एवं वहां नौकरी देकर सेटल करने के लिए हामी भर दी बलवंत कंबोज ने यूरोप भेजना का लगभग 14 लाख रुपए खर्च बताया और कहा जैसे रकम की आवश्यकता होगी तो आपसे लेता रहूंगा मनराज सिंह का आरोप है कि बलवंत कंबोज ने अपने साथी के खाते एवं अपने घर पर कुल मिलाकर 11 लाख रुपए मनराज से ले लिए अब मनराज का आरोप है कि बलवंत कंबोज ना तो मनराज को यूरोप का वीजा दिलवा रहा है और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दे रहा है और अब मामले में टालमटोल कर रहा है मनराज ने बताया कि इस संबंध में कई बार पंचायतें भी हुई है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला मनराज का कहना है कि बलवंत कंबोज अब ना तो उसकी रकम वापस लौटा रहा है और उसका फोन भी उठाना बंद कर दिया मनराज को अपने आप को ठगा सा महसूस होने पर उसने एक प्रार्थना पत्र थाना गदरपुर पुलिस को दिया जिस पर कोई कार्यवाही न होने की दशा में उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां भी एक प्रार्थना पत्र भेजा उस पर भी सुनवाई नहीं होने पर विवश होकर मनराज ने न्यायालय की शरण ली और न्यायालय के आदेश पर गदरपुर पुलिस

### विद्युत कर्मी मौत के मामले का मुख्य आरोपी था बलवंत कंबोज

गदरपुर। जिस बलवंत कंबोज के खिलाफ अमानत में ख्यानत करने के आरोप में धोखाधडी के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसी बलवंत कंबोज के खिलाफ कुछ समय पूर्व एक विद्युतकर्मी को वाहन से टक्कर मारकर जान से मारने का आरोप लगा था। अब देखना यह होगा कि एक ऐसे मास्टरमाइंड और शातिर दिमाग आदमी के खिलाफ पुलिस प्रशासन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही अमल में लाता है या फिर ऐसे गंभीर मसले को ठंडे बस्ते में डालकर अपना पल्ला झाड़ लिया जाता है। यह तो आने वाला समय ही तय करेगा।

# उत्तराखंड में चार अक्तूबर से होगा खेल महाकुंभ का आगाज

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में खेल महाकुंभ का आगाज चार अक्तूबर से होगा, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग साढ़े तीन लाख खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। महाकुंभ की शुरुआत में 662 न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं से होगी। आगे चलकर ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर तक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। खेलों की लंबी अवधि की वजह से अभी अंतिम तिथि तय नहीं हुई है। हालांकि, कई स्तरों पर आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिताएं लगभग तीन महीने में संपन्न होने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को खेल के विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा ने जिले के अफसरों संग बैठक की, जिसमें महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया और निर्देश दिए। राज्य में साल 2017 से हर साल खेल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, जिसका मकसद राज्य में ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक की खेल प्रतिभाओं को श्रेष्ठ प्रदर्शन का अवसर प्रदान करना। साथ ही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है, जिन्हें आगे चलकर राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन करने को तैयार किया जा सके। महाकुंभ में हिस्सा लेने वाले बच्चों की संख्या हर साल बढ़ रही है। पिछले दो साल में दो से ढाई लाख बच्चों ने कई खेलों में प्रतिभाग किया था, लेकिन अबकी लगभग साढ़े तीन लाख बच्चों के हिस्सा लेने का अनुमान है।

# भूख हड़ताल पर बैठे बेरोजगार संघ के युवा टंकी पर चढ़े

देहरादून(उद संवाददाता)। बेरोजगार युवाओं की विभिन्न मांगों को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राम कंडवाल सहित अन्य सदस्य पिछले नौ दिन से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। बावजूद इसके प्रदेश सरकार द्वारा कोई



सकारात्मक कदम न उठाए जाने से हताश और निराश युवाओं का अब सब्र टूट गया। गुरुवार को संघ के प्रदेश प्रवक्ता सुरेश सिंह व कुमाऊं मंडल संयोजक भूपेंद्र कोरंगा परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। बेरोजगार संघ का कहना है कि दोनों पदाधिकारियों के साथ कुछ भी अनहोनी हुई तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। वहीं, युवाओं का टंकी पर चढ़ा देख हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना भी पुलिस को दी।

# धर्म परिवर्तन की अफवाह से मचा हड़कंप

## पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक पुरुष महिलाओं को थाने लाकर की पूछताछ

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्राम कुलवंत नगर में धर्म परिवर्तन की अफवाह पर आनन फानन में पहुंची पुलिस 7 महिलाओं सहित दो पुरुषों को पूछताछ के लिए थाने लाई जहां धर्म परिवर्तन की किसी भी घटना से इनकार करते हुए जांच के बाद पुलिस ने महिलाओं को छोड़ दिया। बृहस्पतिवार की शाम को ग्राम कुलवंत नगर की कुछ युवाओं ने पुलिस को सूचना दी थी कि गांव के एक घर में आर्टिका गाड़ी से छह-सात महिलाएं आई हैं और उनके द्वारा हिंदू धर्म के लोगों का धर्म परिवर्तन करवा कर क्रिश्चियन धर्म में ले जाने की तैयारी चल रही हैं। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने महिलाओं से बातचीत की जिसमें महिलाओं की ओर से संतोष जनक उत्तर न मिलने पर उन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया। जहां पुलिस को बारीकी से छानबीन करने पर पता चला कि मामला धर्म परिवर्तन से जुड़ा हुआ नहीं है इसके बाद पुलिस ने थाने लाई गई महिलाओं को हिदायत देते हुए छोड़ दिया थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि महिलाओं से पूछताछ में धर्म परिवर्तन का कोई मामला सामने नहीं आया है।

# आधार केंद्र पर एसडीएम ने मारा छापा

रामनगर (उद संवाददाता)। आधार कार्ड बनवाने और उसमें कमियों को दूर करने के लिए लोगों की परेशानियां दूर करने को लेकर सरकार द्वारा कई सरकारी संस्थानों में आधार केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन आधार केंद्रों पर आधार कार्ड से



संबंधित लोगों को होने वाली दिक्कतों का सामना आसानी से हो रहा था तो वही सरकार ने आधार कार्ड बनाने व उसमें कमियों को दूर करने को लेकर शुल्क निधरित किया था लेकिन सरकार के नियमों की कुछ आधार केंद्र संचालको द्वारा जहां एक और खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है तो वहीं लोगों से मनमाना शुल्क को वसूल कर उनका उत्पीड़न कर अभद्रता भी की जा रही है। रामनगर में कोसी रोड पर स्थित स्टेट बैंक की शाखा में भी आधार कार्ड बनाने सेंटर बनाकर कमियों को दूर करने को लेकर आधार केंद्र खोला गया था, लेकिन इस आधार केंद्र में संचालकों द्वारा लोगों को जमकर लूटा जा रहा था निर्धारित शुल्क से भी कई गुना ज्यादा शुल्क वसूलने की बात लगातार सामने आ रही थी लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुरुवार को एसडीएम राहुल शाह एवं तहसीलदार कुलदीप पांडे ने अचानक स्टेट बैंक की शाखा में बने आधार केंद्र पर छापामार कार्रवाई की जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम राहुल सहने बताया कि इस आधार केंद्र पर निधरित शुल्क से ज्यादा शुल्क वसूलने की शिकायत मिल रही थी और आज कार्रवाई के दौरान भी कुछ लोगों द्वारा इन शिकायतों की पुष्टि की है। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि स्टेट बैंक की शाखा में बने आधार केंद्र एक प्राइवेट व्यक्ति काम कर रहा था जिसे तत्काल हटा दिया गया तथा आधार केंद्र संचालक को नोटिस देने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों से निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क वसूला गया है उनका शुल्क भी वापस कराया जाएगा।

# गौ रक्षा प्रांत मंत्री को धमकी पर भड़के हिंदू संगठन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गौ रक्षा प्रान्त मंत्री यशपाल राजहंस को एक व्यक्ति द्वारा धमकी दिए जाने से रोषित हिंदू संगठनों के लोगों ने कोतवाली परिसर में प्रदर्शन कर कोतवाली में तहरीर सौंपी। रुद्रपुर कोतवाली पहुंचकर एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। जिसमें कार्यवाही चल रही है। अभी फिर सिद्धांत जोशी द्वारा प्रान्त गौ रक्षा मंत्री यशपाल राजहंस को 26 सितंबर को प्रातः मोबाइल से जान से जोगिंदर सिंह चौहान प्रखंड अध्यक्ष, सुदेव दास गुप्ता प्रखंड मंत्री, आदित्य धीमान बजरंग दल संयोजक, अखिलेश अग्रवाल नगर सेवा प्रमुख, यश चौहान, सुधीर देवल, अजय पाल नगर धर्म प्रसार प्रमुख,



विश्व हिंदू परिषद के प्रखर मंत्री सुदेव दास गुप्ता ने दी तहरीर में कहा है कि गौ रक्षा प्रान्त मंत्री यशपाल राजहंस द्वारा 2 माह पूर्व रुद्रपुर निवासी सिद्धांत जोशी पर देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने पर मारने की धमकी दी गई है जिससे कि हिन्दू समाज से बहुत ज्यादा आक्रोश है। सुदेव ने आरोपी पर सख्त सख्त कारवाई करने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में विश्वेंद्र सिंह जिला धर्म प्रचार प्रमुख, मनीष कश्यप , इंद्रजीत सिंह, अनमोल त्रिपाठी, नागेंद्र गंगवार, मोहित आर्य, गौरव शर्मा, मनीष कोली, अनुभव पाल, सचिन वर्मा,आशीष गंगवार, सतीश दिवाकर हरीश यादव आदि शामिल थे।

# बस्तियों के हक की लड़ाई जारी रहेगी: गंगवार

## भाईचारा एकता मंच के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गरीब मजदूर और बस्तियों की लड़ाई के लिए शासन और प्रशासन द्वारा चाहे जितना भी उत्पीड़न किया जाए किंतु गरीब मजदूर



व बस्तियों के हक की लड़ाई जारी रहेगी। भाईचारा एकता मंच हर गरीब, कमजोर मजदूर बस्ती में निवास करने वाले व्यक्ति के साथ है और आगे भी रहेगा। उक्त विचार भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कृष्णा कॉलोनी में आयोजित एक सभा में कहे। प्रशासन की कार्रवाई के बाद शहर में वापस लौटे केपी गंगवार का कृष्णा कॉलोनी पहुंचने पर भाईचारा एकता मंच की महिलाओं पर बस्ती वालों ने भव्य स्वागत किया तथा उन्हें आश्वासन दिया कि पूरी बस्ती उनके साथ थी और आगे भी रहेगी। इस अवसर पर श्री गंगवार ने कहा कि शासन प्रशासन चाहे जितना उत्पीड़न कर ले लेकिन धनबल के खिलाफ जनबल की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी अब बस्तियां जाग गई है और किसी भी तरह के प्रलोभन में आने वाली नहीं आगामी नगर निगम के चुनाव में बस्तियों के निवासी इस उत्पीड़न का मुंहतोड़ जवाब देंगे। बैठक में भाईचारा एकता मंच के मुख्य पदाधिकारियो को पहचान पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री काजल गंगवार,संजीव राठौड़,सुनील यादव, सीमा शर्मा, मीनू राय, संध्या गायन, कल्पना,, मीना देवी, सोमवती गंगवार, रंजीत कुमार ,सुप्रिया सहित भाईचारा एकता मंच के पदाधिकारी व बस्ती के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# रामलीला कमेटी ने मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र के साथ-साथ उनके चरित्र की भी पूजा करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलकर हमें स्वच्छ और स्वस्थ समाज की संरचना में अपना सहयोग देना चाहिए।श्रीमती शर्मा रम्पुरा स्थित श्री श्री शिव मंदिर 84 घंटा रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की लीला का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन कर रही थी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ अन्य अतिथियों में शहर के प्रमुख समाजसेवी और जगदीश कलर लैब के एम डी जगदीश टंडन, बिट्टू छाबड़ा, जगदीश ठुकराल, ग्राम सैजना के पूर्व प्रधान विजय यादव, विजय गुप्ता, कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली,कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम प्रसाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, सरोज रानी,यादो देवी, बिटोला देवी, अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर हाथरस से आई रामलीला मंडली द्वारा राम बनवास की सुंदर लीला का चित्रण किया गया। संचालन महामंत्री किशन



सियाराम कोली, बनारसी दास कोली, सहित मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लालमन कोली, महामंत्री किशन कोली, कोषाध्यक्ष शंकर कोली, प्रताप कोली, पप्पू कोली, हिम्मत राम कोली, सहित बड़ी संख्या में कोली द्वारा किया गया।स बाद में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा सहित अन्य सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया।




# ब्रह्माकुमारी सरोज को मातृ शोक

रूद्रपुर(उद संवाददा)। महानगर की शक्ति विहार कालोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थान की संचालिका सरोज दीदी की माता श्रीमती कमला देवी का लगभग 70 बरस की आयु में आकस्मिक निधन होने से शोक छा गया। उनके निधन पर विधायक शिव अरोरा, तिलकराज बेहड,निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह,बीके शान्तनु,बीके सुशान्त,बीके सूर्यमुखी,बीके तिलकराज ग्रोवर,पत्रकार सुरेन्द्र गिरधर,ललित शर्मा,भूपेश छिमवाल,ललित राठौर,दीपक कुमार,लालू प्रसाद गुप्ता,केपी गंगवार आदि ने शोक व्यक्त करते हुए प्रजापिता ब्रह्मा बाबा से उनकी आत्मा की शांति एंव शोकाकुल परिवार को यह असीम दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की है।

# युवती लापता, पुलिस ने किया केस दर्ज

गदरपुर। थाना क्षेत्र के गांव महतोष की रहने वाली एक युवती अचानक लापता हो गई काफी खोजबीन के बाद भी पता न चलने पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेहतोष के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री 11 अगस्त को बिना बताए घर से कहीं चली गई थी जो आज तक घर वापस नहीं पहुंची है उनके द्वारा अपनी पुत्री की रिश्तेदारी और अन्य जगहों पर काफी खोजबीन की गई परंतु आज तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कर अपनी पुत्री की बरामदगी की गुहार गुहार लगाइ है पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# घर के आगे खड़ी बाइक हुई चोरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में आए दिन चोरियां बढ़ रही है चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है अभी बीते दिन बराखेड़ा में एक घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया पुलिस केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बराखेड़ा निवासी मुकुल कुमार पुत्र जीत कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 23 सितंबर की रात्रि लगभग 11 बजे वह अपनी स्पेलन्डर बाइक लॉक करके अपने घर के गेट के बाहर खड़ी कर सो गए थे रात्रि 3:00 बजे जब उनकी माता जी इंदिरा देवी की अचानक आंख खुली और उन्होंने बाहर उठकर देखा तो गेट के आगे से स्प्लेंडर बाइक गायब थी। इसके बाद मुकुल कुमार ने थाना गदरपुर में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र से बाइक चोरी

काशीपुर। घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। शरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला टांडा उज्जैन निवासी अंकित कुमार पुत्र दीपक कुमार ने बताया कि बीते 20 सितंबर को 12:30 से 1:30 के बीच घात लगाए अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी उसकी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस ब्लैक संख्या यूके 18 आर/0671 मौके से उड़ा दिया। पुलिस में तहरी के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### तीन दिवसीय कुमांऊ भ्रमण पर पहुंचे डीजीपी अभिनव कुमार ने हल्द्वानी में किया जनसंवाद

# शिकायतकर्ताओं के साथ शिष्टाचार से पेश आयें पुलिसकर्मी

## जनपद नैनीताल और उधमसिंहनगर के अपराधों की समीक्षा बैठक में महिला सुरक्षा नशे का कारोबार, साईबर क्राईम के मामलों में त्वरित कार्यवाही करने के दिये निर्देश





हल्द्वानी( उद संवाददाता)। प्रदेश में बढ़ती क्राईम की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए उत्तराखंड पुलिस ताबड़तोड़ एकशन में दिख रही है। कुमाऊं में तीन दिवसीय दौरे पर गुरूवार को प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार द्वारा हल्द्वानी कोतवाली हल्द्वानी परिसर में गार्द की सलामी ली गई। सभागार में सम्भ्रान्त नागरिकों, व्यापार मण्डल आदि के साथ जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल श्री प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा पुलिस महानिदेशक का पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया गया, इसके पश्चात व्यापार मंडल सम्भ्रान्त नागरिकों तथा सेवानिवृत्त आईजी श्री मोहन सिंह बंग्याल द्वारा भी को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्थानीय सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ जनसंवाद के दौरान नागरिकों ने यातायात व्यवस्था, युवाओ में बढ़ते नशे, महिला सम्बन्धित अपराधों की समस्याओं और सुझावों को प्रस्तुत किया, जिन पर विस्तृत विचार- विमर्श किया गया। नशे में लिप्त बच्चों की काउंसलिंग कराने का सुझाव दिया गया, जिस पर द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए नशा उन्मूलन हेतु प्रभावी कार्यवाही तथा नशें में लिप्त बच्चों की काउंसलिंग कराने का आश्वासन' दिया गया। डीजीपी ने नागरिकों को सुनते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि पुलिस विभाग उनकी समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करेगा। पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियानों को जनता के सहयोग से सफल बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उन्होने इस संवाद को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह की चर्चाएँ पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ाने में सहायक हैं। साथ ही कहा कि उत्तराखण्ड को नशामुक्त बनाना हमारा ध्येय है, यदि कोई पुलिसकर्मी नशे के कारोबार में लिप्त पाया गया, या नशा कारोबारी को सहयोग करता पाया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। कहा कि यदि आपके आस-पास कोई नशे का कारोबार चल रहा हो या कोई अपराध कारित होने की सूचना हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें कानून व्यवस्था बनाये रखने में हमें सहयोग करें। महिला सम्मेलन आयोजित करते हुए अधि/कर्म की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का समाधान समय पर किया जा सके। महिला सुरक्षा को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझें फ्रंट लाईन में आकर महिला सुरक्षा हेतु अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने शिकायतकर्ताओं और आम जनमानस के साथ शिष्टाचार और नम्रता से पेश आने के लिए भी निर्देशित किया गया। डीजीपी ने यह स्पष्ट किया कि पुलिस का व्यवहार नागरिकों के प्रति सकारात्मक होना चाहिए, ताकि समाज में विश्वास और सहयोग बढ़ सके। इसके अतिरिक्त, उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि समस्याओं का समाधान समय पर किया जा सके। जनपद के सभी पत्रकार बन्धुओं के साथ वार्ता आयोजित की गयी, वार्ता के दौरान द्वारा गंभीर अपराधों पर त्वरित कार्यवाही की जाने, गुंडे बदमाश तथा फरार अपराधियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु कहा गया। महिला सुरक्षा के सम्बन्धी सवाल के जवाब में कहा गया कि महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही की जायेगी। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक द्वारा बहुउद्देशीय भवन के विभिन्न पुलिस शाखाओं का निरीक्षण कर कार्यों का मूल्यांकन कर आवश्यक निर्देश दिए गए। डीजीपी उत्तराखण्ड द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमायूँ परिक्षेत्र डॉ0 योगेन्द्र सिंह रावत एवं एसएसपी नैनीताल श्री प्रहलाद नारायण मीणा व एसएसपी उधमसिंह नगर श्री मणिकान्त मिश्रा की मौजूदगी में जनपद नैनीताल तथा उधमसिंह नगर के अपराधों की गहन समीक्षा की गयी। डीजीपी द्वारा विशेष रूप से 'महिला अपराधों/साइबर क्राइम/युवाओं में बढ़ते नशे के प्रवृत्ति पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गये, एवं सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इन मुद्दों की गम्भीरता को समझें और प्रभावी कदम उठाए ताकि अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर लगातार मॉनिटरिंग की जाय। इससे अपराधियों के हौंसले पस्त होंगे तथा अपराध में कमी आयेगी। साथ ही यातायात व्यवस्था पर भी ध्यान केंद्रित करते हुए अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने के प्रयास, ई चालान की कार्यवाही तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर बैरिकेटिंग लगाने की कार्यवाही के साथ ही जनजागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस की पहुंच जन-जन तक सुगम बनाने के निर्देश दिये गये। सोशल मीडिया में चल रही अफवाहों का तत्काल खण्डन किया जाय, जघन्य अपराधों में लापरवाही एवं पुलिस की भूमिका संदिग्ध पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही' की जायेगी, साथ ही अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों तथा नाबालिक के गुमशुदगी मामलों में त्वरित कार्यवाही की जाय, महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना को और अधिक मजबूत करने के लिए हर थाने में सुविधायुक्त एक कक्ष स्थापित किया जायेगा, जिसमें वे थाने में आकर अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने कहा कि साईबर ठगी वर्तमान में एक चुनौती बनकर उभरी है, जिसका मुकाबला करना नितान्त आवश्यक है। लोग ठगी का शिकार होकर अपने जीवनभर की कमाई एक झटके में उड़ा रहे हैं, साईबर ठगी के मामले सामने आने पर साईबर ठगों को गिरफ्तार करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाय।

# उत्तराखंड पुलिस को नहीं मिली 50 करोड़ रूपये चोरी की सूचना

## मीडिया ने पूछा,प्रदेश में डबल हैलमेट के लिए अलग अलग नियम क्यों ?



हल्द्वानी( उद संवाददाता)। उत्तराखंड से लेकर उत्तर प्रदेश तक बीते कई दिनों से एक चोरी की खूब चर्चाएं हो रही हैं। नैनीताल की पहाड़ियो में स्थित एक कोठी से पचास करोड़ नगदी चोरी होने की बात चर्चाओं का विषय बनी हुई है। वहीं उत्तराखंड के डीजीपी अभिनव कुमार हल्द्वानी में मीडिया से मुखातिब हुए। डीजीपी ने इस बारे में कहा कि फिलहाल इस मामले में उन्हे किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं मिली है। उनके पास भी उड़ती-उड़ती हुई खबरें आई हैं। अगर कोई बड़ी घटना होती है तो सबसे पहले पुलिस के पास शिकायत आती है। लेकिन 50 करोड़ चोरी होने की कोई भी सूचना पुलिस के पास नहीं आई है। डीजीपी का कहना है कि नैनीताल पुलिस के पास या उनके पास कोई भी लिखित शिकायत नहीं आई है। जब तक शिकायत नहीं मिलती कुछ कहना उचित नहीं है। वहीं, जनता के साथ दुर्व्यवहार संबंधी मामले बढ़ने उन्होंने कहा कि किसी पुलिस अधिकारी या कर्मचारी की शिकायत मिलने पर कानून अपना काम करेगा। डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम और गंभीर अपराधों में अंकुश और बढ़ते नशे पर रोक लगाने सहित यातायात को लेकर कई प्रकार के सुझाव मिले हैं। जिस पर पुलिस अपने स्तर पर कार्रवाई करेगी। नैनीताल जिले को छोड़कर अन्य जिलों में बाइक सवारों के लिए डबल हेलमेट का प्रावधान नहीं है। केवल चालक हेलमेट पहने तो चालान नहीं होता है। बृहस्पतिवार को हल्द्वानी दौरे पर आए डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि अब यह नियम सख्ती से पूरे प्रदेश में लागू होगा। डीजीपी के जनसंवाद कार्यक्रम में नागरिकों और प्रेस वार्ता में पत्रकारों ने यह मुद्दा उठाया कि एक प्रदेश में वाहन चालकों के लिए अलग-अलग नियम क्यों हैं? देहरादून और हरिद्वार में बाइक पर केवल एक व्यक्ति को हेलमेट लगाना पड़ता है। नैनीताल में ऐसा करने पर चालान हो जाता है। डीजीपी ने कहा कि एक प्रदेश में दो नियम नहीं होंगे। यह नियम सभी की सुरक्षा के लिए है। देहरादून, हरिद्वार समेत पूरे प्रदेश में दोपहिया वाहनों पर दोनों सवारियों को हेलमेट पहनना और कार चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में पुलिस फोर्स की कमी का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। इस पर डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में 24 हजार पुलिसकर्मी हैं। चार हजार रिक्त पद चल रहे हैं। खाली पदों को भरने के लिए तीन सप्ताह में प्रस्ताव बनाया जाएगा। शासन से मंजूरी के बाद कई चरणों में पुलिस भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एक सवाल के जवाब में डीजीपी ने कहा कि प्रदेश को अपराधियों की शरणस्थली बनने दिया जाएगा। डीजीपी अभिनव कुमार ने नैनीताल में मां नयना देवी के दर्शन किये। पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी ने कहा कि तैनाती के बाद वह पहली बार कुमाऊं दौरे पर आए हैं। तीन दिवसीय दौरे में वह कुमाऊं में अपराध समीक्षा के साथ वेलफेयर कार्यों का जायजा लेंगे। शुक्रवार को अल्मोड़ा और बागेश्वर जिले की अपराध समीक्षा बैठक करेंगे। शनिवार को पीएसी बटालियन रुद्रपुर में हुए निर्माण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन के लिहाज से कुमाऊं क्षेत्र की एक अलग पहचान है जिसके तहत वह पुलिस की व्यवस्थाओं और चुनौतियों को जानने का प्रयास करेंगे।

# उत्तराखण्ड में रोजगार के अवसर बढ़ने से बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत घटी

## श्रमिक जनसंख्या औसत में राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़



देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड रोजगार देने की दिशा में नए कीर्तिमान बना रहा है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) रिपोर्ट में भी उत्तराखण्ड राज्य ने श्रमिक जनसंख्या औसत में राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ दिया है। पिछले एक वर्ष में रोजगार के अवसर बढ़ने से राज्य में बेरोजगारी घटी है। उत्तराखण्ड में सभी आयु वर्गो में बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत से घटकर 4.3 प्रतिशत पर आ गई है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में 14.2 से घटकर 9.8 प्रतिशत पर आ गई है। वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में सभी आयु वर्गों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 27.5 प्रतिशत से बढ़कर 44.2 प्रतिशत हो गया है।उत्तराखण्ड में श्रम बल में भी वर्ष 2022-23 के मुकाबले में वर्ष 2023-24 में युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रम बल भागीदारी दर 43.7 प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत पहुंच गई है। इसी प्रकार 15-59 के आयु वर्ग में 60.1 प्रतिशत से बढकर 64.4 प्रतिशत और 15 वर्ष और उससे अधिक की श्रेणी में 56 प्रतिशत से बढ़कर 60.7 प्रतिशत पहुंच गई है। उत्तराखण्ड में 15-29 के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या औसत 49 प्रतिशत रहा है वहीं राष्ट्रीय औसत 46.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार 15-59 के आयु वर्ग में उत्तराखण्ड का 64.4 प्रतिशत तो राष्ट्रीय औसत 64.3 प्रतिशत और 15 वर्ष और उससे अधिक वर्ष की श्रेणी में उत्तराखण्ड का 60.7 प्रतिशत तो राष्ट्रीय औसत 60.1 प्रतिशत रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों के साथ खड़ा करना हमारा संकल्प है। हम रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित कर रहे हैं। सरकारी क्षेत्र में ही 16 हजार से अधिक युवाओं को हमने नियुक्ति दी है। निजी क्षेत्र में भी यह सिलसिला शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में निवेश के अधिकांश करारों के धरातल पर उतरने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तराखण्ड युवाओं को सिर्फ रोजगार ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें दूसरों को भी रोजगार देने भी वाला बनाएगा।



# पुरानी पेंशन बहाली के लिए किया धरना प्रदर्शन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने गुरुवार को गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना दिया। इसके बाद शिक्षकों ने राष्ट्रीय पेंशन योजना व यूनिफाइड पेंशन योजना के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। उन्होंने एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट प्रभारी को सौंपा। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (एनएम ओपीएस) के आह्वान पर राजकीय शिक्षक संघ, एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन एवं अन्य शिक्षक संगठनों के नेतृत्व में जिलेभर के शिक्षक और कर्मचारी गुरुवार को अपराह्न विद्यालयों की छुट्टी के बाद रुद्रपुर के गांधी पार्क में एकत्र हुए। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर धरना दिया और प्रदर्शन किया। इसके बाद शिक्षकों ने राष्ट्रीय पेंशन योजना व यूनिफाइड पेंशन योजना के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। उन्होंने एक ज्ञापन कलेक्ट्रेट




प्रभारी अमृता शर्मा को सौंपकर पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। वहीं धरनास्थल गांधी पार्क में शिक्षकों की हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि आर्थिक सुधारीकरण के नाम पर 1 जनवरी 2004 के पश्चात केंद्र सरकार और 1 अक्टूबर 2005 के पश्चात उत्तराखंड राज्य में नियुक्त सरकारी कार्मिकों को पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) से वंचित करते हुए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) से भ्रमित किया गया है। वहीं अब राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में सुधारीकरण के नाम पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) को लाने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि कर्मचारियों के हित में नहीं है। कार्मिकों को इस व्यवस्था से आर्थिक नुकसान के साथ ही सामाजिक-आर्थिक असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है, जोकि चिंता का विषय है। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिलाध्यक्ष अंकुर प्रताप वत्सल, जिला संरक्षक हुकम सिंह नयाल, अमरदीप चौधरी, जिला सचिव दिनेश चौहान, रुद्रपुर अध्यक्ष तरुण कालरा प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही, अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह, हरीश दनाई, डॉ.कमल भाटिया, संदीप धीर, जीवन नेगी, बृज किशोर, राजीव चौहान, उमेश कालरा, मोहन राठौर, अर्जुन खोलिया, सोनिया रावत, शीला सरकार, पूरन बिष्ट, अरविंद गोस्वामी, कमान सिंह, रविन्द्र पांडे, अमरदीप चौधरी, ज्योति पाठक, सीमा भावना, पूनम वर्मा, लीला मठपाल, हसीन बानों, रुचि, अर्चना ठाकुर, कल्पना, अंजुम जहां, जगदीश चंद्र भगत, देवराज, शम्भू जोशी, मीनाक्षी आर्या, रेनू मलेठा, अंजना भाटिया, सुमन चौहान, सोनी यादव, अमित त्यागी, मीना जोशी समेत शिक्षक व कर्मचारी शामिल रहे।

# काठगोदाम कटघरिया बाईपास रोड बनाने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल्स के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला निर्वतमान महापौर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिवम ठाकुर ने कहा कि काठगोदाम, कठघरिया बायपास रोड में काफी गड्ढे हो जाने के कारण



काफी समय से दिक्कतें हो रही है। आये दिन दुर्घटनायें हो रही है तथा गड्ढों में पानी भरने के कारण सब्जी, फल, वह अन्य सामग्री के ठेले भी गिर जाते हैं। जिससे काफी नुकसान हो जाता है। राहगीरों को भी निकलने में काफी दिक्कतें हो रही है। अतः सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्य कराने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों मे रोहित दिवाकर, लक्ष्मी नारायण, शशि गुप्ता, दीपा पांडे आदि मौजूद थे।

# बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार ने अन्ना हजारे से की मुलाकात

लालकुंआ(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में हो रहे भर्ती घोटाले को लेकर लगातार उत्तराखंड बेरोजगार संघ उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार व उनकी टीम के नेतृत्व में लगातार आंदोलनरनरत है। इसी क्रम में भर्ती घोटाले व भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन से भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड कैसे बनाया जाए इन्हीं विचारों



को लेकर उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार व सामाजिक कार्यकर्ता पियूष जोशी ने रालेगंज सिद्धि में अन्ना हजारे से मुलाकात की इस दौरान अन्ना हजारे को प्रदेश में चले भर्ती घोटाले के विरुद्ध बड़े आंदोलन से अवगत कराया। अन्ना हजारे का साफ शब्दों में कहना था कि युवाओं को संघर्षो के दौरान आई बधाओं व मुकदमों से बिल्कुल नहीं घबराना चाहिए और अपने अधिकारों की लड़ाई में जेल जाने से बिल्कुल नहीं डरना चाहिए। अंत में विजय सत्य की ही होती है, अन्ना ने यह भी आश्वस्त किया कि जल्द देहरादून आकर युवाओं के इस आंदोलन को समर्थन देंगे व भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को अंत तक ले जाने के लिए अन्ना ने गुरु मंत्र भी दिये।

# खो खो प्रतियोगिता: रोमांचक मुकाबले के बाद सेमीफाईनल में पहुंची टीमें

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।होली चाइल्ड स्कूल में चल रही चार दिवसीय सी.बी.एस.ई. क्लस्टर-19 खो-खो प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) के तीसरे दिन भी छात्राओं ने अपने खेल का






बढ़-चढ़कर प्रदर्शन किया। तीसरे दिन 1 से 6 कोर्ट में 23 मैच खेले गए। सी.बी.एस.ई. पर्यवेक्षक सोनू कुमार, तकनीकी प्रतिनिधि मुशीर खान के देख-रेख में एवं होली चाइल्ड स्कूल के एच.ओ.डी. फिजिकल एजूकेशन व आयोजन के सचिव सुधाकर सिंह की उपस्थिति में तीसरे दिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर टीमों का चयन सेमीफाईनल के लिए किया गया। अण्डर-14 आयु वर्ग में परमहंस पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद दिल्ली सिटी स्कूल, बुलन्दशहर, श्रीमती अंगूरी देवी पब्लिक स्कूल, मथुरा और लाला राधेश्याम एकेडेमी, नगीना आदि टीमें सेमीफाइनल के लिए चुनी गयी। अण्डर-17 आयु वर्ग में कृष्णा विद्या निकेतन, मुरादनगर ,ग्रीन विंडो स्कूल, मुरादाबाद, देहरादून पब्लिक स्कूल, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद ,होली चाइल्ड स्कूल, बिलासपुर, अण्डर-19 आयु वर्ग में पी.जी.एम. इन्टरनेशनल एकेडेमी, मेरठ , होली पब्लिक स्कूल, आगरा,नोएडा एजुकेशनल एकेडेमी, नोयडा एवं हिलमैन पब्लिक स्कूल, आगरा सेमीफाईनल में पहुंची। प्रतियोगिता में मुख्य रेफरी आदित्य शर्मा (फिजिकल एजूकेशन शिक्षक, अर्वाचिन भारतीय पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद), सहयोगी रेफरी अमित प्रताप सिंह (फिजिकल एजूकेशन शिक्षक, जे.एम.एस. पब्लिक स्कूल, हापुड़), सहयोगी रेफरी विक्रम सिंह (फिजिकल एजूकेशन शिक्षक, ब्लू डायमंड पब्लिक स्कूल, नौएडा) के अलावा विभिन्न स्थानों से आए 20 रेफरी मौजूद रहे। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) श्रीमति मंजू अधिकारी तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने क्लस्टर की सफलता कामना की।

# आरएएन के खिलाड़ियों ने बैडमिंटन और ताइक्वांडो में लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आरएएन स्कूल के बच्चों ने हरिद्वार डी.पी.एस. पब्लिक स्कूल में आयोजित स्कूल के अंडर -19 बालक वर्ग में मोक्ष श्रीधर, कुनाल गिरोत्रा एवं एकलव्य भाटिया ने कांस्य पदक प्राप्त करके जीत पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर नॉर्थ जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 92 से अधिक विद्यालयों ने बढ़ के लिए भी चयनित किया गया है। बच्चों की इस सफलता के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर






सीबीएसई बैडमिंटन क्लस्टर नॉर्थ जोन प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में लगभग 300 से अधिक स्कूलों ने अपनी कला का कौशल दिखाया। आर.ए.एन.पब्लिक हासिल की, अंडर- 14 बालक वर्ग में आदित्य विश्नोई, सोजस ठुकराल, तेजस जोशी एवं सक्षम कालरा ने कांस्य पदक प्राप्त करके विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाए। वहीं मेरठ हस्तिनापुर चढ़कर भाग लिया। जिसमें आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल की छात्रा सान्वी भोसले ने अंडर 17 वर्ग के अंतर्गत स्वर्ण पदक हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन किया सान्वी को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने एच. के. राय, प्रबंधक मोहित राय तथा प्रधानाचार्या भावना भनोट ने अभिभावकगण को बधाई देते हुए बच्चों की सरहाना की तथा उन्हें जीवन में सदैव आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# नारायण अस्पताल में निःशुल्क हृदय जांच शिविर 1 अक्टूबर को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क हृदय जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन आगामी एक अक्टूबर को बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल में किया जायेगा। जानकारी देते हुए नारायण अस्पताल की एच आर हेड मोनिका करनवीर ने बताया कि विश्व



हृदय दिवस के उपलक्ष्य में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन एक अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे नारायण अस्पताल परिसर में किया जायेगा। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. एसपी सिंह द्वारा हृदय रोगियों की निःशुल्क जांच की जायेगी और उचित परामर्श दिया जायेगा। शिविर में निःशुल्क परामर्श के साथ साथ निःशुल्क ईसीजी, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल की जांच भी निःशुल्क की जायेगी। ब्लड की जांच एवं कार्डियक एंजियोग्राफी पर 25 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसके अलावा इको जांच न्यूनतम दर पर की जायेगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से हृदय दिवस पर आयोजित किये जा रहे शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# खाद्य विभाग की टीम ने लिये घी और मक्खन के सेंपल

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।अपर आयुक्त एवं उपायुक्त कुमाँऊ मण्डल के निर्देशों के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा विभाग, ऊधम सिंह नगर द्वारा रूद्रपुर बाजार में स्थित कई प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। संदेह के आधार पर 1 डेयरी से घी का सेंपल संग्रहित किया गया इसके अलावा 2 घी और 2 मक्खन के नमूने भी जांच हेतु लिये गयेटीम द्वारा कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम एवं विनियमों में दिये मानकों के अनुरूप ही घी, मक्खन व अन्य खाद्य पदार्थों को विक्रय करने के निर्देश दिये गये। टीम द्वारा खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया कि खाद्य पदार्थों के बिलों पर एफएस एसएआई लाइसेंस नंबर अंकित



करें, बाह्य प्रदेशों से केवल पंजीकृत/लाईसेंसधारी खाद्य कारोबारकर्ता से ही खाद्य पदार्थों को क्रय करने के निर्देश दिये एवं खाद्य पदार्थों के क्रय विक्रय करने का दैनिक रिकोर्ड रखने के लिए कहा गया। साथ ही आम जनमानस से अपील की गई कि खाद्य एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय निर्माण तिथि/उपभोग की तिथि व खाद्य कारोबारकर्ता का खाद्य लाईसेंस एवं पंजीकरण अवश्य देख लें तथा निम्न गुणवत्ता, अस्वच्छकर एवं अस्वस्थ्यकर खाद्य सामग्री विक्रय किये जाने पर टोल फ्री नम्बर 18001804246पर शिकायत करें। टीम में जिला अभिहित अधिकारी, डा० प्रकाश फुलारा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आशा आर्या शामिल थे।

# विक्रम सैनी बने भारतीय बजरंग दल के जिला मंत्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय बजरंग दल की जिला इकाई का विस्तार करते हुए भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष डॉक्टर पुष्पेंद्र कश्यप ने विक्रम सैनी को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा है। भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यालय में जमा हुए जहां पर कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला मंत्री विक्रम सैनी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष ने नवलियुक्त जिला मंत्री विक्रम सैनिक को बधाई दी वह विश्वास व्यक्त किया और विश्वास के विक्रम सैनी के नेतृत्व में पूरे जिले में प्रत्येक ब्लॉक में वह ग्राम सभा स्तर तक संगठन का कार्य प्रारंभ होगा जिला अध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र



कश्यप ने नवनियुक्त जिला मंत्री को बधाई व शुभकामनाएं दी। विक्रम सैनी ने संगठन का आभार व्यक्त किया ।कहा कि आने वाले समय में पूरे जिले में ग्राम स्तर तक इकाइयां गठित की जाएगी तथा हिंदुत्व की भावना को हर हिंदू घर तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर आरके महाजन, डॉक्टर पुष्पेंद्र कश्यप ,सचिन बठला, विवेक शर्मा, हरचरण सिंह चाना, रणजीत सिंह सैनी, अमरीक सिंह, राजकुमार नायर, जयप्रकाश चंद्र ,गोपाल कश्यप, मुकेश फोगाट, अनिल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# भारत और चीन के चुनौतीपूर्ण रिश्ते

पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत और चीन के रिश्तों में निरंतर उतार–चढ़ाव एक जगजाहिर हकीकत है। भारत ने अपनी ओर से किसी भी समस्या के हल के लिए हमेशा सकारात्मक रुख दिखाया, मगर भारत के कदमों पर चीन की प्रतिक्रिया उत्साहजनक नहीं रही। आमतौर पर चीन ने अपनी ताकत और धौंस दिखाई है। हालांकि भारत ने हर स्थिति में संयमित प्रतिक्रिया दी और सिर्फ इस वजह से दक्षिण एशिया का यह समूचा क्षेत्र फिलहाल शांत दिखता है। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के पास असीमित संयम है। समस्याओं का हल निकालने के चीन के आश्वासन के प्रति भारत के लिए पूरी तरह निश्चिंत होना मुश्किल रहा है। हालांकि संबंधों में सुधार को लेकर भारत ने हमेशा ही उत्सुकता दिखाई है, लेकिन कई बार हकीकत को लंबे समय तक नजरअंदाज करना संभव नहीं हो पाता है। शायद यही वजह है कि भारत के विदेश मंत्री ने न्यूयार्क में हुए एक कार्यक्रम में स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच संबंध 'काफी बिगड़े हुए' हैं। लंबे समय से संबंधों को संभालने की एकतरफा कोशिश के बाद भारत की ओर से यह एक तरह से हकीकत का बयान है कि इस मामले में पिछले चार–पांच वर्षों में चीन का रवैया क्या रहा है। वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैन्य गतिविधियों के जरिए उकसाने का मुद्दा हो या फिर अरुणाचल प्रदेश को लेकर किए गए दावों के जरिए अनुचित दखल का सवाल, चीन ने आए दिन अपनी चालबाजियों के जरिए अपना असली चेहरा दिखाया है। शांति और सहजता कायम रखने का भरोसा देने के कुछ ही दिन बाद उसकी ओर से कोई न कोई ऐसी हरकत की जाती है, जो किसी भी संप्रभु देश की सीमा में नाहक दखल ही है। सवाल है कि अगर भारत अपनी ओर से संयम और धैर्य का परिचय न दे तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कैसे हालात पैदा हो सकते हैं! यह छिपा नहीं है कि चीन अक्सर नाहक ही सीमा पर अनुचित गतिविधियों के जरिए भारत को भड़काने की कोशिश करता रहा है, मगर भारत ने 2020 में गलवान में इसका ठोस जवाब देने के अलावा अब तक अपनी प्रतिक्रिया को नियंत्रित ही रखा है, ताकि हालात और न बिगड़े। भारत के इस संयम को अगर चीन इसकी कमजोरी के तौर पर देखता है, तो यह उसकी भूल है। विदेश मंत्री ने भी इसे अपने वक्तव्य में रेखांकित किया है कि भारत और चीन के रिश्ते एशिया के भविष्य के लिए महत्त्वपूर्ण हैं और न केवल इस महाद्वीप को, बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेंगे। साथ ही, अगर दुनिया को बहु–ध्रुवीय होना है, तो एशिया को भी बहु–ध्रुवीय होना होगा। मौजूदा विश्व में कोई भी देश अपने आर्थिक–सामरिक बल के बूते एक–ध्रुवीय भू–राजनीति का केंद्र बनना चाहता है, तो यह उसकी खामखयाली साबित होगी, क्योंकि वक्त के साथ अलग–अलग देशों की बहुस्तरीय क्षमताओं में व्यापक बदलाव हुआ है। विडंबना यह है कि एक शक्तिशाली देश कहे जाने के बावजूद चीन ने कभी इसके मुताबिक गरिमा का प्रदर्शन नहीं किया है। विस्तारवाद की भूख के तहत वह वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जैसी दखलअंदाजी की कोशिश करता रहता है, उसने भारत के साथ सीमा विवाद से लेकर अन्य समस्याओं का हल निकलने के बजाय इसको जटिल ही बनाया है। जरूरत यह है कि वैश्विक स्तर पर बदलती तस्वीर के मद्देनजर चीन विवादों का हल निकाल कर भारत के साथ संबंधों को सहज बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए।

# कर्मचारियों को दी एसबीआई की सुविधाओं की जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड सरकार व सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा गुरूवार को कलेक्टर डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने संबांधित करते हुए कहा कि सरकार व बैंकों के बीच किए गए कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज अनुबंध से सभी को लाभ होगा और व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार की सुविधाओं हेतु राज्य कार्मिकों को प्रयत्न नहीं करने होंगे। उन्होंने कहा कि इस योजना के सकारात्मक बिंदुओं को सुस्पष्ट व विस्तृत बताया जाये ताकि अधिकारी उनको समझ सके व उनका पूर्ण लाभ उठा सके तथा अपने अधीनस्थ के अधिकारी व कर्मचारियों को भी योजना की जानकारियाँ दे सकें। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक द्वारा कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज के अंतर्गत प्रदान की जा रही सुविधाएं बैंकिंग क्षेत्र में उत्साहजनक है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में एसबीआई व अन्य बैकों द्वारा दी जा रही सुविधाओं को भी तुलनात्मक बताया जाये ताकि अधिकारी/कर्मचारी अच्छी तरह से स्कीम को समझ कर लाभ उठा सके। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के कुमाऊं मंडल उप महाप्रबंधक कृष्ण कांत बिश्नोई ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस अनुबंध से राज्य सरकार के कार्मिकों को कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली पर्सनल एक्सीडेंट बीमा, हवाई एक्सीडेंट बीमा, घरेलु व अंतराष्ट्रीय लाउंज का उपयोग, मुफ्त हैल्थ चौकअप, रिआयती दरों पर लोन आदि सुविधाओं को भी राज्य कार्मिकों व उनके परिजनों तक (एसबीआई रिश्ते) पहुंचने के लिए भारतीय स्टेट बैंक कृत संकल्प है। इस अवसर पर कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से श्याम सिंह तोमर सहायक महाप्रबंधक द्वारा दी गई। कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रबंधक उधम सिंह नगर भारतीय स्टेट बैंक विनोद सेमवाल, नेहा चतुर्वेदी, प्रकाश चंद्र पांडे, नरदेव सिंह, सुमित रावत, संजय यादव, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई सुशील कुमार, सिंचाई आनंद सिंह नेगी, जिला क्रिडा अधिकारी जानकी कार्की सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



# निष्काम भाव से ही की जाए सेवा: माता सुदीक्षा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरिजन सेवक संघ दिल्ली द्वारा 92 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सद्भावना सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें अपने पावन आशीष प्रदान करते हुए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने कहा कि, "मानव सही मायनों में तभी मानव बनता है अगर वह हर भेदभाव से ऊपर उठकर सब में परमात्मा का रूप देखकर निष्काम भाव से सबकी सेवा करे। इस अवसर पर हरिजन सेवक संघ के अध्यक्ष डॉक्टर शंकर कुमार सान्याल व उप–प्रधान नरेश यादव ने सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता रमित जी का अंगवस्त्र और सूती दुपट्टा पहनाकर स्वागत व सम्मान किया। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा स्थापित इस धरोहर के स्थापना दिवस पर उन्हीं की प्रेरणा का संकेत, एक चरखे का लघु स्मृति चिन्ह भी सेवक संघ की ओर से सतगुरु माता जी के प्रति समर्पित किया गया। हरिजन सेवक संघ के छात्रों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना का गायन किया वहीं निरंकारी इंस्टिट्यूट ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट के बच्चों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन, "वैष्णव जन" के अतिरिक्त अन्य भक्ति गीतों का मधुर गायन भी हुआ। सेवक संघ के अध्यक्ष श्री सान्याल ने गांधी जी और कस्तूरबा जी के मार्गदर्शन का जिक्र करते हुए जहां एक ओर संघ के उपक्रमों का उल्लेख किया, वहीं दूसरी ओर संत निरंकारी मिशन की विचारधारा के अनुपालनसे "वसुधैव कुटुम्बकम" की संभावना व्यक्त करते हुए सतगुरु माता जी का धन्यवाद किया। उन्होंने निरंकारी मिशन के सामाजिक उत्थान के अविरल प्रयासों की भी भूरि–भूरि प्रशंसा करी।इस अवसर पर निरंकारी राजपिता जी ने भी आशीर्वाद देते हुए कहा कि सतगुरु से परमात्मा की प्राप्ति के बाद मनुष्य सबके दर्द को अपना दर्द समझकर महसूस करता है और इसी भाव से अहंकार रहित सेवा को प्राप्त होता है।कार्यक्रम के अंत में संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए हरिजन सेवक संघ के समस्त भारत से सम्मिलित हुए सदस्यों व विशिष्ट अतिथियों का धन्यवाद किया और उन्हें नवंबर में आयोजित होने वाले 77वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के लिए भी आमंत्रित किया।




# नये मुख्य सचिव की ताजपोशी की चर्चायें तेज

## राज्य सरकार ने सीएस राधा रतूड़ी के सेवा विस्तार के लिए फिर केंद्र को भेजा पत्र,आईएएस आनंद वर्धन का नाम भी चर्चाओं में

देहरादून(उद ब्यूरो))। उत्तराखंड में अफसरशाही का अगला मुखिया कौन होगा इसे लेकर उत्तराखंड के पॉवर कॉरिडोर्स में चर्चाए जोरों पर हैं। राधा रतूड़ी को फिर एक बार सेवा विस्तार मिल जाएगा या फिर किसी और अफसर के



सिर पर अफसरों के सरताज होने का ताज सजेगा ये सवाल पूछा जा रहा है। इसको लेकर इन दिनों प्रदेश में चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। राज्य की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल 30 सितंबर को पूरा होने जा रहा है। ऐसे में अब चर्चा होने लगी है कि अगला मुख्य सचिव कौन होगा ? आखिर कौन वो अफसर होगा जिसे ये बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। जहां एक ओर ऐसा कहा जा रहा है कि नया मुख्य सचिव प्रदेश से ही बनाया जाएगा। वो वहीं सवाय ये भी उठ रहा है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि देहरादून में बैठी अफसरशाही को दिल्ली से आया कोई बड़ा अफसर संभालेगा या फिर मैडम सीएस को ही फिर एक बार सेवा विस्तार दे दिया जाएगा। नए मुख्य सचिव बनाए जाने को लेकर जहां चर्चाएं तेज हो चली हैं तो वहीं इसी बीच ये सवाल भी उठ रहा है कि क्या सीएस राधा रतूड़ी को एक बार फिर से सेवा विस्तार मिलने जा रहा है। अधिकारियों के गलियारों से आती खबरें बता रही हैं कि फिलहाल सरकार और खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अफसरशाही का मुखिया बदलने के मूड में नहीं दिख रहें हैं। यही वजह है कि सरकार ने राधा रतूड़ी का कार्यकाल बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार को खत लिखा है। ऐसे में इस बात की संभावना और भी प्रबल हो जाती है कि राधा रतूड़ी ही मुख्य सचिव का कामकाज संभालती रहेंगी। सूत्र ये भी बताते हैं कि राधा रतूड़ी को कम से तीन महीने का कार्यकाल विस्तार मिलना तय है और इस संबंध में केंद्र को कोई आपत्ति नहीं है। ऐसे में इस साल के अंत तक राधा रतूड़ी ही राज्य की मुख्य सचिव बनी रहेंगी। अगर राधा रतूड़ी को सेवा विस्तार नहीं मिलता है कि तो उत्तराखंड में मौजूदा समय सिर्फ एक ऐसा अफसर ही दिखता है जिसका नाम अगले मुख्य सचिव के तौर पर चर्चाओं में है और ये नाम आनंद वर्धन का है। 1988 बैच की आईएएस राधा रतूड़ी के बाद वरिष्ठता के क्रम में देखें तो आनंद वर्धन का ही नाम सबसे उपर आता है। 1992 बैच के आईएएस अधिकारी वर्धन जून 2027 में रिटायर होंगे। ऐसे में उनके पास अभी सेवाकाल की लंबी अवधि है। वहीं अगर बात करें दिल्ली से किसी को लाने की तो फिलहाल दिल्ली या कहीं और उत्तराखंड से प्रतिनियुक्ति पर गया कोई और सीनियर आईएएस नहीं दिखता है जिसे मुख्य सचिव बनाकर राज्य में लाया जा सके। बताया ये भी जा रहा है कि अगले साल के शुरु में आनंद वर्धन मुख्य सचिव के पद पर बैठेंगे और अफसरशाही की कमान संभालेंगे। इसके साथ ही राधा रतूड़ी रिटायरमेंट के बाद किसी आयोग का कामकाज संभाल सकती हैं।

# प्रो. एच. सी पोखरियाल ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में आईआईटी रूड़की के डीन शैक्षणिक प्रो. नवीन के. नवानी और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य प्रो. एच. सी पोखरियाल ने भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को ग्रीन बायोटेक्नोलॉजी के उपयोग पर आधारित उत्तराखण्ड के उत्पादों के मूल्य संवर्धन पर अपने शोध का प्रस्तुतीकरण दिया। प्रो. नवानी ने बद्री गाय, बद्री तुलसी, मिलेट आधारित उत्पादों, बुरांश से निर्मित सिंबायोटिक पेय और उत्तराखण्ड के पारंपरिक खाद्य पदार्थों की माइक्रोबियल विविधता पर अपने शोध कार्य की जानकारी प्रदान की। प्रो. पोखरियाल ने बताया कि आईआईटी रुड़की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी- 2020) के तहत अकादमिक, समाज और उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहा है, जिससे समाज और उद्योग के साथ संस्थान का जुड़ाव और भी सशक्त हो सके। राज्यपाल ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में अनुसंधान का विस्तार कर जागरूकता, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से राज्य की महिलाओं के लिए इन क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशने पर कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य के सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में किए जा रहे शोध को एक पुस्तक के रूप में संकलित करें।



# फिल्म निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रतिभाशाली लोगों को होगा पंजीकरण

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा फिल्म जगत के लिए एक महत्त्वपूर्ण पहल के तहत फिल्म रिसोर्स डायरेक्टरी का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी ने बताया कि यह डायरेक्टरी उत्तराखण्ड फिल्म नीति 2024 के अंतर्गत तैयार की जा रही है। श्री बंशीधर तिवारी ने बताया कि फिल्म रिसोर्स डायरेक्टरी के निर्माण का उद्देश्य राज्य के फिल्म निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रतिभाशाली व्यक्तियों और संस्थानों की जानकारी को एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है। इस फिल्म रिसोर्स डायरेक्टरी में फिल्म निर्माता, निर्देशक, अभिनेता, अभिनेत्री, संगीतकार, कोरियोग्राफर, गीतकार, लेखक, कैमरामैन, फोटोग्राफर, तकनीशियन, स्पॉट बॉय, फिल्म प्रोडक्शन हाउस, स्टूडियो मालिक और लाइन प्रोड्यूसर जैसी हस्तियों और संस्थानों की विस्तृत जानकारी को संकलित किया जा रहा है। इसके लिए एक गूगल फॉर्म भी तैयार किया गया है, जिसमें फिल्म से जुड़ी सभी प्रतिभाओं से उनकी आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा रही है। इच्छुक व्यक्तियों और संस्थानों से अनुरोध है कि वे 31 अक्टूबर 2024 तक क्यूआर कोड कोड या UFDC& Resource& Directory इस लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करें। श्री बंशीधर तिवारी ने बताया कि उत्तराखण्ड की नई फिल्म नीति से आकर्षित होकर देश–विदेश के कई फिल्म निर्माता और निर्देशक यहाँ आ रहे हैं। इस फिल्म रिसोर्स डायरेक्टरी के निर्माण से स्थानीय फिल्म विधा से जुड़े लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह डायरेक्टरी उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि देश–विदेश से आने वाले फिल्म निर्माता और निर्देशक स्थानीय प्रतिभाओं की जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपनी आगामी फिल्मों में अवसर प्रदान कर सकें। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 118 व्यक्तियों और संस्थाओं ने इस फार्म के माध्यम से अपनी जानकारी पंजीकृत कराई है। यह लिंक विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उन्होंने फिल्म उद्योग से जुड़े सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे इस महत्त्वपूर्ण फिल्म रिसोर्स डायरेक्टरी में अपनी जानकारी अवश्य पंजीकृत कराएँ।

# उत्तराखंड पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की समृद्ध संस्कृति, विरासत, नैसर्गिक सौंदर्य, लोक संगीत, नृत्य, हस्तशिल्प और विविध लोक परंपराएं सदैव पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के चारधाम सदियों से आस्था का प्रमुख केंद्र रहे हैं और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। बेहतर सड़क और हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य को आर्थिक लाभ होगा।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से उत्तराखण्ड में एयर कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है और पहाड़ों में रेल लाइन का सपना भी साकार हो रहा है। सरकार की होमस्टे योजना से भी ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे न सिर्फ पर्यटन बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर पर्यटन का प्रमुख आधार हैं। नए पर्यटन स्थलों के विकास से रोजगार सृजन के साथ–साथ राज्य के विकास में भी सहायता मिलेगी।

# सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर डीएम ने ली व्यापारियों संग बैठक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैम्प कार्यालय में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने मंगलपडाव से रोडवेज स्टेशन तक सड़क चौडीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि सडक चौडीकरण में जिला प्रशासन ने लोगों के हितों को ध्यान में रखा है। जो व्यापारी पूर्णत: प्रभावित हो रहे है उनके लिए तात्कालिक तौर पर अस्थाई शेड की व्यवस्था की जाएगी। शासन से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का प्रस्ताव भी स्वीकृत हेतु भेजा गया है, जिसमें उनकी स्थाई व्यवस्था की जाएगी। उन्होने कहा सडक चौडीकरण हो जाने से आम लोगों के साथ ही एम्बुलैंस, स्कूली बच्चे आदि जिन्हें जाम के कारण अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड रहा है उससे राहत मिलेगी, साथ ही उक्त बॉटलेनेक का सुधारीकरण सड़क सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। उन्होने कहा सडक के आसपास चिकित्सालय, व्यवसायिक संस्थान आदि के होने से आने वाले ट्रैफिक का 60 प्रतिशत आंतरिक यातायात है। उन्होंने कहा कि सडक की चौडाई 12 मीटर रहेगी जिसमें ड्रेनेज सिस्टम हेतु नालियों का निर्माण भी किया जायेगा तथा सडक चौडीकरण हो जाने से भविष्य में हल्द्वानी शहर वासियों एवं पर्यटकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सडक चौडीकरण से प्रभावित हो रहे कुल लोगों में से लगभग 22 से 25 लोग इससे पूर्ण रूप से प्रभावित होगे उनके लिए प्रशासन द्वारा अस्थाई तौर पर वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। जिन स्थानों का विकल्प दिया गया है उसमें से जिसमें भी व्यापारी सहमत होंगे वहां अस्थाई शेड का निर्माण किया जायेगा।उन्होने कहा आस्था के केन्द्र कालूसिद्व मन्दिर को पूर्ण रूप से विधि-विधान के साथ शिफ्ट किया जायेगा। इसके लिए धर्मगुरूओं के दिशा निर्देशन में मन्दिर शिफ्टिंग के साथ ही पीपल के पेड़ को रिलोकैट/ ट्रांसप्लांट का कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा सडक चौडीकरण से हल्द्वानी शहर को आंतरिक ट्रैफिक में दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम परितोष वर्मा, उप नगर आयुक्त तुषार सैनी के साथ ही विपिन गुप्ता, योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, दया किशन उपाध्याय, संदीप सक्सेना व्यापारी मौजूद रहे।



# हरिकृपा आश्रम चित्रकूट में नवरात्र महोत्सव 3 अक्टूबर से

रामनगर (उद संवाददाता)। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री हरिकृपा आश्रम चित्रकूट में नवरात्र महोत्सव आगामी 3 अक्टूबर से श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए हरि भक्तों ने बताया कि श्री हरिकृपा आश्रम कामां राजस्थान के पीठाधीश्वर संत स्वामी 1008 श्री श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले पावन नवरात्रि महोत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन में आगामी 3 से 11 अक्टूबर तक यहां श्री हरिकृपा आश्रम चित्रकूट में प्रतिदिन सायं 4 से 6 बजे तक श्री महाराज के दिव्य प्रवचन होंगे। 12 अक्टूबर को प्रात: 7 बजे से पूजन, हवन, यज्ञ। प्रात: 10 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन, कीर्तन व श्री महाराज के दिव्य प्रवचन होंगे। जिसके पश्चात दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक विशाल भंडारा आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि सायं 5 बजे कन्या पूजन के साथ महोत्सव का विधिवत समापन किया जायेगा। हरि भक्तों ने सभी धर्म प्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में परिवार के साथ उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में शामिल होकर धर्म लाभ व श्री गुरू जी महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करने की अपील की है।



# युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष राधा आर्य का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य के नेतृत्व में बागजाला गौलापार स्थित आवास पर नव नियुक्त युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती राधा आर्य का प्रथम बार गौलापार आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य ने नवनियुक्त राधा आर्य को संगठन की ओर से शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि वे अपने नए पद पर अपनी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाएंगी और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगी। पार्टी ने जो उन पर विश्वास दिखाया है उस पर वह खरा उतरेगी। नवनियुक्त युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राधा आर्य ने प्रदेश उपाध्यक्ष इन्दर पाल आर्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और कांग्रेस की विचारधारा हर जन तक पहुंचाएंगी। स्वागत करने वालों में विनोद कुमार आर्य, उमेश कुमार टम्टा, किशन राम आर्य,जगदीश, धनी राम आर्य, दीवान राम आर्य, राजेंद्र प्रसाद, हयात सिंह नयाल, भीम कुमार, अजय राज, सुरेश आर्य, चंद्रप्रकाश, चंदन राम, माया देवी, उमा भारती, हेमा देवी, दीपा देवी, जानकी देवी, दीपिका, अनिता देवी, पुष्पा देवी, ललिता देवी, केशव राम, उमेद राम, कमलेश शर्मा,श्याम लाल, हिमांशु, पवन आदि लोग उपस्थित रहे।



# शिविर में एनिमिया से बचने के उपाय बताये

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म में शक्ति शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर कार्यक्रम सितारगंज की टीम-ए द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय टी-3 कैंप का आयोजन किया जिसके तहत छात्राओं की स्वास्थ्य जांच एवं जागरूक किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा एनीमिया के कारण लक्षण इसके बचाव के उपाय की जानकारी दी गई, इसके साथ ही टीवी रोग की स्क्रीनिंग भी की गई छात्रों को निशुल्क आयरन एवं फोलिक एसिड की दवा वितरित की गई। इस दौरान डॉ० प्रज्ञा गोयल ने शिविर में मौजूद छात्राओं को बताया कि शरीर में खून की मात्रा कम होना ही एनीमिया रोग होता है इससे बचने के लिए लोह तत्व युक्त चीजें खाना चाहिए। इसके अलावा विटामिन ए एवं सी युक्त खाद्य पदार्थों का इस्तेमाल करना चाहिए।किशोर बालिकाओं को आयरन, फॉलिक एसिड की एक गोली नियमित खाने के बाद नियमित लेना चाहिए। शिविर में लगभग 119 बच्चों के हीमोग्लोबिन की जांच की गई इस दौरान डॉ० जहीर अहमद, डॉ० प्रज्ञा गोयल, सुनील राय, आशा भट्ट अनीता राणा, प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र आदि लोग मौजूद रहे।



# सिंटेक्स इंग्लिश क्लासेस में छात्रों का अंग्रेजी प्रैक्टिकल व वायवा की तैयारी शुरू

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)।वर्तमान सत्र में संस्थान के हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट के बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को कई ग्रुप में बांट दिया गया है। प्रत्येक ग्रुप में हेड बॉय तथा हेड गर्ल चयनित है एवं प्रत्येक ग्रुप में प्रैक्टिकल टॉपिक्स अलग-अलग है। यह तैयारी बोर्ड परीक्षा को देखते हुए कराई जा रही है ताकि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा से पूर्व बोर्ड वायवा के दौरान असहज महसूस ना कर सके। प्रत्येक टीम में पांच छात्रों का समूह है। हाई स्कूल स्तर के सभी ग्रुप में इंग्लिश ग्रामर और लिटरेचर से संबंधित टॉपिक्स है और इंटरमीडिएट क्लास में केवल राइटिंग स्किल्स एवं लिटरेचर टॉपिक्स है। सभी बोर्ड क्लासों का अंग्रेजी वायवा आगामी माह 14 व 15 अक्टूबर को हाईस्कूल एवं 16 व 17 अक्टूबर को इंटरमीडिएट की कक्षाओं को संपन्न कराई जाएगी। इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर सभी कक्षाओं को पूर्व में सूचित कर दिया गया है। संस्थान अध्यापक सुजीत सर ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है।

# ग्रामीण क्षेत्र में दर्जनों महिलाओं को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देशानुसार देश भर में चलाया जा रहा महिला सदस्यता अभियान के अंतर्गत, हजारों महिलाओं को महिला कांग्रेस की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास लगातार जारी रहेगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाएं महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रही हैं, जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर महिलाओं का रुझान,महिला कांग्रेस की तरफ तेजी के साथ बड़ा है । श्रीमती शर्मा ने बृहस्पतिवार को रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र का सघन दौरा किया और कई स्थानों पर अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने दर्जनों महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने महिलाओं का आवाहन किया कि वह कांग्रेस की मजबूती के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिला कांग्रेस के साथ जुड़े, श्रीमती शर्मा ने महिलाओं को विश्वास दिलाया कि वह उनकी हर छोटी बड़ी, समस्या का समाधान प्राथमिकता से करने का ईमानदारी से प्रयास करेंगी। इससे पूर्व ग्राम फुलसूंगा में कांग्रेस नेता और नगर निगम में संभावित पार्षद प्रत्याशी रोहित चौहान के आवास पर महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने प्रतिभाग किया।इस अवसर पर डिजिटल पद्धति से दो दर्जन से भी अधिक महिलाओं को महिला कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। इधर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने बताया कि महिलाओं को कांग्रेस से जोड़ने का उनका यह अभियान लगातार जारी रहेगा।उन्होंने बताया की शहरी क्षेत्र में महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली महिलाओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाने में जुटी है,प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने महिला कांग्रेस की सदस्यता लेने वाली सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया है,इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



## पेज एक का शेष...

**नशेड़ी ने पत्नी की हत्या..**के लिए भेज दिया। घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। एसओ बिष्ट ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पति के शराब के नशे में होने के कारण दोनों में कहासुनी हुई और इस घटना में महिला की मौत हो गई। एसपी चंद्रशेखर आर घोड़के ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्याकांड की जानकारी दते हुए ग्रामी प्रधान दरबान कपकोटी ने बताया कि कल रात हमारे गांव में रह रहे नेपाली मजदूर ने अपनी पत्नी का गला रेत कर हत्या कर दी और खुद का भी गला रेतकर आत्म हत्या करने की कोशिश की ।मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुये हमने पुलिस को सूचना देते हुये 108 के माध्यम से हत्यारे घायल नेपाली मजदूर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को भेजा गया तथा वहां से उनको जिला चिकित्साल्य बागेश्वर और वहां से हल्द्वानी हायर सेंटर रिफर कर दिया। मृतका का थाना अध्यक्ष कैलाश बिष्ट के निर्देशानुसार सब इंस्पेक्टर के नेतृत्व में पंचनामा कर अग्रिम कार्यवाही हेतु पोस्टमॉर्टम के लिए बागेश्वर भेज दिया गया है।

**पुलिस की गोली से ..** कपिल विश्नोई के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार, बृहस्पतिवार की रात सिडकुल क्षेत्र में कर्मचारियों के दो गुटों में झगड़ा हो गया था। जिसके बाद बागपत निवासी आयुष तोमर और कपिल विश्नोई ने तमंचे से फायरिंग कर दी थी। जान बचाने के लिए कर्मचारी जब एकम्स फैक्टरी के अंदर घुसे तो आरोपी पीछा करते अंदर ही जा पहुंचे थे और वहां भी फायरिंग की, जिससे फैक्टरी में अफरा तफरी मच गई थी। छर्रे लगने से फैक्टरी के सुपरवाइजर सहित पांच से अधिक लोग घायल गए थे। सिडकुल पुलिस रात से ही बदमाशों की खोजबीन में जुटी हुई थी। शुक्रवार की सुबह सिडकुल क्षेत्र में पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन वह भागने लगे। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने फायरिंग की तो बदमाशों के पैरों में गोली जा लगी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों के कब्जे से तमंचे, करतूत बरामद हुए हैं।

**दो पक्षों के विवाद..**सुलझा रहे थे, इसी बीच जंगारोड, मानपुर, निवासी लखविन्दर मेहरा उर्फ लवी पुत्र हरेन्दर मेहरा अचानक आकर उससे उलझने लगा। जब उसने उसे बहस ना करने के लिये कहा तो उसने अचानक उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से अपनी कमर से तमंचा निकालकर फायर कर दिया, लेकिन गोली उसके बगल से निकल गयी जिससे वह बाल -बाल बच गया। राजा ने बताया कि घटनास्थल पर गोली चलने से अफरा तफरी मच गयी। वहीं फायर करके उक्त लखविन्दर उसे मां बहन की गाली देते हुये बोला कि आज तो तू बच गया और जान से मारने की धमकी देकर मौके भाग गया। राजा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने लखविन्दर के खिलाफ बीएनएस की धारा 109 (हत्या का प्रयास), 351(2) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

**अश्लील वीडियो बनाकर..** व उसकी पत्नी उसको एक अज्ञात व्यक्ति से फोन से ब्लकमेल कराकर 5 लाख रूपये की मांग करवा रही है। साथ ही धमकी दे रहा है तुम्हारी विडियो व फोटो इन्टरनेट पर वायरल कर देगें । जब सूरज व उसकी पत्नी से कहा तो उन्होने साफ इन्कार कर दिया कि हम किसी से फोन नहीं करवा रहे है। उसके बाद उसने उक्त लड़की का फोन नम्बर एंव पता मांगा जिसको देने से उन्होंने मना कर दिया। उसका अरोप है कि सूरज उर्फ राहुल एंव उसकी पत्नी की मिलीभगत से उसको ब्लेकमेल किया जा रहा है। पुलिस ने रपट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पड़ोसी ने छत...**ने इसका विरोध किया और जोर से चिल्लाई तो उसके चीखने की आवाज सुनकर वह छत पर गया तो जहीर उसे देखकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**मंदिर के पास..**को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया और उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिये।

**बस की टक्कर से ..**तेज सिंह थापा पुत्र बहादुर थापा निवासी मुखानी का इलाज चल रहा है जिनकी हालत अभी नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल और मृतकों के बारे में जानकारी लेकर उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंचे मृतक मनोज के परिजनो में शव देखकर कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम असद (ASAD) था अब मैंने अपना नाम बदलकर असद मलिक (ASAD MALIK) रख लिया है। अत: भविष्य में अब से हर मौके, विवरण में मेरे नये नाम असद मलिक (ASAD MALIK) से ही सम्बोधित किया जाए।

असद मलिक पुत्र मुस्ताक मलिक, निवासी-ग्राम कच्ची खमरिया, पो०-लालपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com 05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नैनी पेपर मिल प्रबंधन पर करोड़ों की धोखाधड़ी का आरोप

## पांच किसानों की 6 एकड़ भूमि, सौदा हुआ 40 लाख प्रति एकड़, भुगतान 12,30.000 लाख,गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि का धोखे से कराया एग्रीमेंट

काशीपुर(उद संवाददाता)। मुरादाबाद रोड स्थित नैनी पेपर मिल प्रबंधन पर क्षेत्र के किसानों ने करोड़ों रूपए की देनदारी हड़प करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले को लेकर किसानों की तेवर तल्ख है। उन्होंने साफ किया है कि यदि उनका बकाया भुगतान नहीं किया जाता तो भविष्य के परिणाम गंभीर होंगे। नैनी पेपर मिल प्रबंधन फिलहाल इस मामले में कोई भी सफाई देने को तैयार नहीं है। मामला 5 किसानों के 6 एकड़ भूमि का है। ग्राम बावरखेड़ा निवासी अनूप सिंह चरण सिंह भूप सिंह करतब सिंह पुत्रगण केसर सिंह तथा स्वर्गीय पाल सिंह के पुत्र जगतार सिंह क्या कहना है कि वह वर्ष 2020 से नैनी पेपर मिल प्रबंधन की नियतखोरी को लेकर परेशान है। अनुसूचित जाति की शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उनकी खेती की भूमि को अवनी पौने पैसे देकर नैनी पेपर मिल प्रबंधन ने ध ोखे से कब्जा कर लिया है। बयाने की रकम देखकर एग्रीमेंट कराया और भूमि पर कब्जा कर लिया। करोड़ों का बकाया भुगतान मांगने पर मौत के घाट उतरवाने की धमकी दी जाती है। शिकायत कर्ताओं का आरोप है कि वर्ष 2020 यानी लगभग पिछले 4 वर्षों से वह लगातार प्रशासन से अपना बकाया भुगतान दिलाए जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन नैनी पेपर मिल प्रबंधन की पहुंचे और पकड़ सरकार तक होने के कारण उनकी सुनवाई नहीं हुई। इसी मामले को लेकर 2 दिन पूर्व शिकायतकर्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। वह अपनी जमीन पर झोपड़ी डालकर रहने की इरादे से फैक्ट्री पहुंच गए। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके पिता के द्वारा एक लिखित रजिस्टर्ड एग्रीमेंट तहसील काशीपुर में नैनी पेपर मिल के द्वारा कराया था जोकि ग्राम बाबरखेडा तहसील काशीपुर के खसरा न0 1293 व 1294 वर्ग 1 ख गर्वनमेन्ट ग्रान्ट एक्ट की भूमि का एग्रीमैन्ट घोखे से करवाकर कब्जा करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि वह बाबरखेडा तहसील काशीपुर का काश्तकार है। ग्राम बाबरखेडा तहसील काशीपुर के खसरा न० 1293 रक्चा 1. 238 है० व खसरा न० 1294 मि० रक्चा 0.010 है० कुल रक्चा 1.248 है० भूमि द्वारा अपने जीवनकाल में एक एग्रीमैन्ट उपरोक्त आराजी के समबन्ध में राहुल अग्रवाल उपरोक्त के साथ किया था।जिसमें स्टाम्प कम लगाने के चक्कर



पर उसके पिता श्री पाल सिंह पुत्र केसर सिंह का नाम सहखातेदारी में दर्ज अभिलेख दर्ज है जिसमें उसके पिता श्री पाल सिंह का स्वर्गवास हो चुका है जिस पर उसका नाम व उसकी माता व भाई का नाम बतौर विरासतन दर्ज है। उसने बताया कि उसके पिता श्री पाल सिंह में पंजीकृत एग्रीमैन्ट में सौदे की रकम कम दर्शाकर पंजीकृत करवा लिया उसके पिता श्री पाल सिंह कम पडे लिखे व कानूनन अनभिज्ञ व्यक्ति थे जिनको इस बात की जानकारी नही थी की जो एग्रीमेन्ट करवाया गया था। उसमें सौदा चालिस लाख के स्थान पर 12,3000,00 बारह लॉख तीस हजार रूपये लिखा गया है जबकि वास्तविक सौदा चालिस लाख रूपये तय हुआ था उसने बताया कि उसके पिता अनुसूचित जाति के है जो एग्रीमैन्ट में नहीं खोली गयी है उसके पिता की मृत्यू के बाद नैनी पेपर मिल प्रशासन के मन में बेईमानी आ गयी और उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया। फैक्ट्री प्रबंधन ने किसानों के साथ धोखाधड़ी की है। किसानों से 40 लख रुपए एकड़ में जमीन का सौदा हुआ था और किसानों को 12 लाख 30000 रुपए एकड़ के हिसाब से रुपए दिए गए हैं जो कि सरासर गलत है जबकि किसानों के जमीन में अपने मकान भी बने हुए थे। उत्तराखंड शासन के अनुसार अनुसूचित जाति के व्यक्ति की जमीन कोई अन्य सामान्य जाति का व्यक्ति नहीं खरीद सकता है। तो फिर तहसील प्रशासन के द्वारा किस तरह से उसकी जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करा दिया किसी साधारण व्यक्ति का तो तहसील प्रशासन रजिस्टर्ड एग्रीमेंट होने नहीं देता है। बातचीत के दौरान नैनी पेपर मिल प्रबंधन के द्वारा 2 अक्टूबर को बैठकर आपसी समझौता करने की बात हुई है।

### पर्यावरण के लिए बड़े खतरे का सबब

काशीपुर। मुरादाबाद रोड पर संचालित नैनी पेपर मिल क्षेत्र वासियों के लिए बड़ी मुसीबतों का सबब बन चुकी है। पिछले काफी समय से प्रदूषण विभाग की गलत नीतियों के कारण यह पेपर मिल पर्यावरण के लिए बड़े खतरे का संकेत दे रही है। पेपर मिल से होने वाले प्रदूषण के कारण लोग आंख स्वांस फेफड़ा संबंधी गंभीर रोगियों के शिकार हो रहे हैं वहीं केमिकल युक्त पानी नदी नालों में छोड़े जाने के कारण खेती चौपट हो रही है। सूत्रों का कहना है कि इस पेपर मिल में लंबे समय से मानकों को ताक पर रखकर बॉयलर हीट करने के लिए कचरा पन्नी आदि जलाया जा रहा है।

# भूरारानी में बाइक सवार तीन युवकों ने फायर झोंका

रूद्रपर। भूरारानी में एक युवक पर बाइक सवार तीन युवकों ने फायर झोंक दिया। फायरिंग में वह बाल–बाल बच गया। घटना के बाद लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खोखा जब्त किया है। भूरारानी में एक युवक पर बाइक सवार तीन युवकों ने फायर झोंक दिया। फायरिंग में वह बाल–बाल बच गया। घटना के बाद लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से खोखा जब्त किया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। घटना एक महीने पहले दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष से जोड़कर देखी जा रही है। बुधवार रात भूरारानी निवासी गोलू पासवान (24) खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहा था। इसी बीच उसके मोबाइल पर गांव के ही एक व्यक्ति के साले की कॉल आई और उसे घर के बाहर आने को कहा। इसी बीच युवक सड़क पर पहुंचा तो दो बाइक पर सवार तीन लोग आए और उस पर फायर झोंक दिया। आरोपियों ने हवाई फायरिंग भी की थी। इसी बीच कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। लोगों ने घटनास्थल पर पड़ा खोखा पुलिस के सुपुर्द कर दिया। लोगों ने पुलिस को बताया कि एक महीने पहले दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। इसी की रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। बताया कि फायरिंग करने वाले दो युवक यूपी के रहने वाले हैं और आपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

# फर्जी तरीके से चल रहे चार क्लीनिक बंद कराये

## झोलाछाप डाक्टरों के खिलाफ अभियान से मचा हड़कम्प

रामनगर(उद संवाददाता)। झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ गुरुवार को जनपद के सीएमओ डॉक्टर हरीश पंत के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ श्वेता भंडारी तथा ड्रग इंस्पेक्टर मीनाक्षी एवं स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम द्वारा रामनगर एवं पीरुमदारा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के चलते कई झोलाछाप डॉक्टर अपने–अपने क्लीनिक बंद कर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में जानकारी देते हुए डिप्टी सीएमओ डॉ श्वेता भंडारी ने बताया कि रामनगर में लखनपुर इलाके में डॉक्टर रावत, रावत डेंटल क्लिनिक एवं कुमाऊं डेंटल क्लीनिक के यहां



कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई भी वैध डिग्री ना मिलने के कारण इन तीनों क्लीनिको को बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि पीरुमदारा में बंगाली क्लीनिक पर भी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस क्लीनिक संचालक पर आयुर्वेदिक डिग्री का लाइसेंस था लेकिन मौके पर एलोपैथिक पद्धति से चिकित्सा सुविध ा दी जा रही थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा मौके पर मिले पर पत्रों की जांच के बाद यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चारों क्लीनिकों पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि विभाग का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# चोरी की 14 बाइकों के साथ चार ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वाहन चोरों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चोरी की 14 मोटरसाइकिलों के साथ चार ऑटो लिफ्टरों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि पुलिस टीम ने बुध वार देर रात शिमला पिस्तौर डीएवी कट के पास बिना नंबर की दो मोटर साइकिलों पर सवार चार लोगों को चेकिंग के लिए रोका। पूछताछ में उन्होंने दोनों मोटर साइकिलों को चोरी की होना बताया। इसके बाद पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर गंगापुर रोड पर सड़क किनारे बंद पड़े एक मकान के कमरे से



12 चोरी की अन्य मोटरसाइकिलों को बरामद कर लिया। आरोपियों ने अपने नाम सुमित पुत्र छेदालाल निवासी ग्राम बुढ़ासी थाना शीशगढ़ बरेली, संजीव पुत्र प्रभुचरण निवासी ग्राम पछुवा पैगा थाना देवरनियां बरेली, अजय कुमार उर्फ गुज्जर पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम दोपहरिया थाना पुलभट्टा और विपिन यादव उर्फ अभी यादव पुत्र हरपाल सिंह निवासी फाजलपुर थाना बिलासपुर रामपुर यूपी बताए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ गई थी। इसको देखते हुए एक विशेष टीम वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त विपिन पर दो केस पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस टीम में कोतवाल के अलावा बगवाड़ा चौकी इंचार्ज एसआई जितेन्द्र कुमार, रम्पुरा चौकी इंचार्ज नवीन बुधानी, एसआई मोहन चन्द्र जोशी, चन्दन सिंह बिष्ट, चन्द्र सिंह, विकास कुमार, एएसआई अमित कुमार, कांस्टेबल ललित मोहन, दलीप कुमार, विशाल रावत, दिनेश सिंह खड़ायत, उमेश डांगी शामिल रहे।

